हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 25 जनवरी 2025


तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 14.9 डिग्री


13 वैष्णव समाज ने सेलूद में मनायी रामानंदचार्य जयंती





16 नेताजी की जयंती पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि












## खबर संक्षेप

### नशे की दवा के साथ आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** नशे की दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि ग्राम महमरा के पास युवक एक्टिवा में सवार होकर नशे की दवा बेचने की जानकारी मिली थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ा पूछताछ करने पर उसने वार्ड 12 चिखली राजनांदगांव निवासी अंकित सिंह राजपुत नाम बताया है। युवक के पास से पुलिस ने 7200 नशे की दवा एल्फाजोलम टेबलेट जब्त किया है। जिसकी कीमत 17 हजार 828 रुपए का आंकी गई है। साथ ही एक्टिवा, मोबाइल भी बरामद किया है। घटना अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। कार्रवाई में डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से तलाश रही आरोपियों को

# नाबालिग से मुंबई में मारपीट कर किया किडनैप, दुर्ग छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

श्रमिक बस्ती मुंबई निवासी 16 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर मारपीट करने और उसे छत्तीसगढ़ के दुर्ग स्थित सिकोलाभाठा सब्जी मार्केट के करीब छोड़ने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी के बाद से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र पुलिस के हाथ-पैर फूल गए है। दोनों ही राज्यों की पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। 16 वर्षीय बालक को इस समय दुर्ग के बाल आश्रय गृह में सुरक्षित रखा गया है। समाचार लिखे जाने तक नाबालिग के माता-पिता मुंबई से दुर्ग नहीं पहुंच पाए हैं।

चाइल्ड लाइन से मिली जानकारी के मुताबिक 22 जनवरी को रेलवे पुलिस दुर्ग से उन्हें खबर मिली कि एक नाबालिग का प्रकरण आया है। इसके बाच चाइल्ड लाइन की टीम मौके पर पहुंची। बच्चे का रेस्क्यू किया, उससे पूछताछ की। इससे खुलासा हुआ कि 21 जनवरी को नाबालिग घर से निकला था। वह 11 वीं कक्षा में पढ़ाई करता है। दो युवक उसके पास आए, उससे मारपीट की। इसके बाद आरोपी नाबालिग को अपने साथ ले गए। कुछ सूंखाया, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। उसकी अगले दिन यानी 22 जनवरी की सुबह नींद खुली तो वह सिकोलाबस्ती क्षेत्र में था। लोगों से पतासाजी करते हुए वह स्टेशन पहुंच गया। जहां उसने अपनी आपबीती बताई। उसके बताए अनुसार नाबालिग के परिजनों से संपर्क किया गया। वह श्रमिक बस्ती का रहने वाला है। उसके पिता मुंबई मुंसिपल कार्पोरेशन में काम करते हैं। उन्होंने घटना की जानकारी मुंबई पुलिस को दी है। इसके बाद परिजन मुंबई से दुर्ग के लिए रवाना हो गए हैं। शुक्रवार की देररात तक उनके दुर्ग पहुंचने की संभावना है। बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे बाल आश्रय गृह भेज दिया गया है।

### पुलिस नहीं कर रही बच्चे की बातों पर यकीन, फिर भी की जा रही जांच

जानकारी के मुताबिक नाबालिग से चाइल्ड लाइन और पुलिस ने बात की। उसकी बातों का पुलिस यकीन नहीं कर रही है। नाबालिग का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। उसे आधार कार्ड से उसकी उम्र 16 वर्ष के करीब बताई गई है। नाबालिग ने चाइल्ड लाइन को बताया कि वह जन्मदिन सैलिब्रेट करने के लिए निकला था। फिर एक दिन में वह दुर्ग के कैसे पहुंचा। बहरहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# गार्ड पर चढ़ाई कार, हिट एंड रन का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



कार चालक ने सुरक्षा कर्मी के ऊपर कार चढ़ाने का मामला सामने आया है। पुलिस कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला हिट एंड रन से जुड़ है। आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि गुरुवार देर रात चौहान ग्रीन वेली ब्लाक बी 6 जुनवानी निवासी दीपक आसटकर मे शिकायत किया था कि रात 1:45 बजे चौहान ग्रीन वेली मेन गेट जुनवानी में कार सीजी 07 बीजे 8877 के चालक सचिन सिंह तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए गेट में जबरन घूसा दिया। इस दौरान चालक ने तैनात गार्ड गनपत साहू ने गेट पर रोकने का प्रयास किया मगर सचिन सिह राजपूत चिल्लाते हुए गार्ड को ही कार से उडा दिया। घटना में गनपत को सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। सीएसपी तिवारी ने बताया कि सप्ताह भर पूर्व भी आरोपी चालक सचिन सिंह राजपूत को रोककर गार्ड गनपत साहू ने स्वयं का नाम, गाड़ी का नंबर रजिस्टर में एंट्री कराने के लिए बोला था। जिस पर सचिन सिंह राजपुत गार्ड के साथ विवाद कर दोबारा वाहन को रोकने पर उसे खत्म करने की धमकी दी थी। उसी रात की यह घटना भी है। चौहान ग्रीन वेली का गार्ड गनपत साहू गेट को खोलने के लिये गेट के पीछे खडा था तभी उक्त कार चालक सचिन सिंह राजपूत जान से मारने की नियत से गार्ड के साथ जानबूझकर घटना किया। कार को सचिन ने जबरन गेट के सामने जोरदार ठोक दिया। घटना में गनपत साहू के छाती में चोट लगी। उसके दोनों पैर गेट में फंस गया और कार चालक ने गार्ड को गेट समेत कार में खसीटते हुए दीवार से टकराकर गेट में दबा दिया था।

### चालक को चंद घंटे में पुलिस ने पकड़ा

सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिकायत के तुरंत बाद कार के नंबर ट्रेस कर चालक के बारे में पतासाजी करने में जुट गई। सुपेला प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा, चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंह संधू ने टीम बनाकर चालक का खोजबीन किया। तुरंत उसके बारे में जानकारी जुटाने के बाद आरोपी चालक सचिन सिंह राजपुत चौहान ग्रीनवैली में छिपा बैठा था उसे पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी सचिन ने घटना को करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय पेश कर ज्युडिशियल पर भेजा गया है।

### महिला से चेन स्नेचिंग, तलाश में जुटी पुलिस

**भिलाई।** महिला से चेन स्नेचिंग करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश बदमाश के खिलाफ धारा 309 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम हंकारा जिला धमतरी निवासी लक्ष्मी देवांगन अपने रिश्तेदार कैलाश चंद देवागंन की मृत्यु होने पर गुरुवार को कार्यक्रम में शामिल होने परिवार समेत पाटन पहुंची थी। कार्यक्रम के बाद रिश्तेदार निर्मला देवागंन, झनिता देवागंन, रेणु देवागंन के साथ पुराना बाजार चौक स्थित दुकान में गए। यहां से सामान खरीदने वापस घर जाते समय शाम को पुराना बाजार चौक पाटन में सामने से अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश पहुंचे। पाटन पुलिस ने आरोपी को पकड़ने सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

आज से इन सिनेमाघरो मे देखिए




| | | |
|---|---|---|
| 1. राज टॉकिज- रायपुर | 23. बिठोबा - महासमुंद | 45. चित्रा- कोरबा |
| 2. मिराज सिनेमा- नया रायपुर | 24- सिटी सिनेमा- बागबाहरा | 46. सिनेमुड - कोरबा |
| 3. पी वी आर सिटी सेंटर- रायपुर | 25. सिटी सिनेमा- बसना | 47. मुरली मेट्रो- कटघोरा |
| 4. आईनाक्स अम्बुजा माल - रायपुर | 26. गरिमा- पिथौरा | 48. वसुंधरा मल्टीप्लेक्स- अंबिकापुर |
| 5. कलर्स माल- रायपुर | 27. सिटी सिनेमा- सारंगगढ़ | 49. बसंत मल्टीप्लेक्स- अंबिकापुर |
| 6. मुक्ता ए 2 - भिलाई | 28. संजना सिनेमा- सरायपाली | 50. आईमेक्स- सुरजपुर |
| 7. आर एल आर चंद्रा- भिलाई | 29. मार्को सिनेप्लेक्स- सरसींवा | 51. सिटी प्लेक्स- भाटापारा |
| 8. पी वी आर -भिलाई | 30. श्री महल - भटगांव | 52. माँ भवनेश्वरी टॉकिज- कवर्धा |
| 9. तरूण एल बी - दुर्ग | 31. आब सिनेमा- बिर्रा | 53. अनुपमा सिनेमा- जगदलपुर |
| 10. के सेरा सेरा - दुर्ग | 32. किशोर- कोंडागांव | 54. पुजाश्री टॉकिज- पेंड्रा रोड |
| 11. अप्सरा टॉकिज- दुर्ग | 33. रामा मेट्रो- शिवरीनारायण | 55. सिटी 36- बिलासपुर |
| 12. श्री कृष्णा टॉकिज- राजनांदगांव | 34. तक्ष सिनेमा- शिवरीनारायण | 56 . पी वी आर- बिलासपुर |
| 13. सिल्वर स्क्रीन- राजनांदगांव | 35. रामनिवास- रायगढ़ | 57. सुनीलम- कुरूद |
| 14. पाची सिनेमा - बालोद | 36. आर के मल्टीप्लेक्स- रायगढ़ | 58. जयश्री टॉकिज- नागपुर |
| 15. विनय टॉकिज- बालोद | 37. ग्रैंड सिनेमा- रायगढ़ | 59. लेसा- खरियार रोड |
| 16. माथुर सिटीप्लेक्स- दल्लीराजहरा | 38. गैलेक्सी- रायगढ़ | 60. बालाजी टॉकिज- कसडोल |
| 17. विनायक- कोंडागांव | 39. जो सी एम- अम्बिकापुर | 61. दुर्गेश सिनेमा- पेन्ड्रा रोड |
| 18. सिनेवर्ल्ड - कांकेर | 40. कृष्णा मेट्रो- सक्ति | 62. सी 2 सिनेमा- पत्थलगांव |
| 19. श्री टॉकिज- पाटन | 41. मुकुंद - चांपा | 63. विवान सिनेमा- पत्थलगांव |
| 20. देवश्री टॉकिज- धमतरी | 42. पद्मिनी- चांपा | 64. मयुर- बालाघाट |
| 21. प्रशांत एस आर एम- धमतरी | 43. मेट्रो- जांजगीर | 65. ट्रेजर सिनेमा- बईहर |
| 22. गैलेक्सी- राजिम | 44. निहारिका- कोरबा | 66. श्री सिनेमा- डोंगरगढ़ |

वितरक- आर एल आर सिनेमा



गणतंत्र पर्व 2025 की अग्रिम बधाई हार्दिक शुभकामनाएं

गर्भस्थ ब्लाक जामगांव आर की दरकार जामगांव आर को ब्लॉक दर्जा उपडाकघर और शासकीय अस्पताल दो सरकार

# गणतंत्र राष्ट्रीय पर्व 2025 की भारतीय जनता पार्टी सेवकों की ओर से अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

मा. सुरेन्द्र कौशिक
अध्यक्ष
दुर्ग जिला भाजपा

कमलेश साहू
अध्यक्ष
जामगांव आर
भाजपा मंडल

नरेश केला

अंगेश्वर साहू

झरना कमलेश साहू

कल्पना नारद साहू

प्रमोद जैन

दानीराम वर्मा

टेसराम साहू

नारद साहू
अध्यक्ष
भाजपा युवा मोर्चा
दक्षिण पाटन मंडल

मा. लालेश्वर साहू
निवर्तमान अध्यक्ष
द पाटन भाजपा मंडल

## गांव शहर ग्राम पंचायत जनपद पंचायत जिला पंचायत प्रदेश देशवासियों को गणतंत्र महान राष्ट्रीय पर्व 2025 की अग्रिम बधाई उज्जवल भविष्य की मंगल कामना...

## सेवा सहकारी समिति जामगांव आर बटरेल भरर कुम्हली सुरपा बेलहारी डीडाभाठा निपानी की ओर से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम बधाई शुभकामनाएं

### सेवा सहकारी समिति जामगांव आर की ओर से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

सहायक प्रबंधक - कु. लक्ष्मी कुलदीप, सह कर्मी - रमेश साहू, कुलेश्वर यादव, शिवाराव, तामेश्वर जोशी, हेमा चंद्राकर नरेश यादव गजानंद चंद्राकर

वीरेंद्र देशमुख
प्रबंधक

विनीत - सेवा सहकारी सेवा समिति जामगांव आर जिला दुर्ग (छ.ग.)

भगवान सिंह चंद्राकर
प्राधिकृत अधिकारी

### सेवा सहकारी समिति बटरेल की ओर से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

सहायक प्रबंधक - चुम्मनलाल, सह कर्मी - येवेंद्र कुमार, राजेंद्र निर्मलकर, गोविंद साहू, वोमेंद्र कुमार, रविंद साहू, रामकुमार

खुमेश वर्मा
प्रबंधक

विनीत सेवा सहकारी समिति बटरेल जिला दुर्ग (छ.ग.)

कमलेश साहू
प्राधिकृत अधिकारी

### सेवा सहकारी समिति भरर की ओर से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

सहकर्मी - संतराम, झामन कुमार, विनोद कुमार नोमेश टिकेंद्र, दिनेश होरीलाल

राजेश बंछोर
प्राधिकृत अधिकारी

विनीत - सेवा सहकारी सेवा समिति भरर जिला दुर्ग (छ.ग.)

लेमेंद्र चापले
प्रभारी प्रबंधक

### सेवा सहकारी समिति कुम्हली की ओर से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

सहायक प्रबंधक - तरुण चंद्राकर
सह कर्मी - गिरिराज अग्रवाल
रुपेंद्र, बेलचंदन, शिव साहू

अतुल कुमार वर्मा
प्रबंधक

विनीत - सहकारी समिति कुम्हली जिला दुर्ग (छ.ग.)

तेजेंद्र पिपरिया
प्राधिकृत अधिकारी

### सेवा सहकारी समिति बेलहारी की ओर से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

सहायक प्रबंधक - गौतम शुक्ला, सह कर्मी - संतोष मार्कण्डेय, उमाशंकर शुक्ला, राकेश प्रजापति, सुरेश कुर्रे, जयंत सिन्हा

भूषणलाल वर्मा
प्रबंधक

विनीत सेवा सहकारी समिति बेलहारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

रुपसिंह सिन्हा
प्राधिकृत अधिकारी

### सेवा सहकारी समिति सुरपा की ओर से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

सह कर्मी - अशोक पटेल, पोषण निर्मलकर, प्रमोद साहू, तूफान टंडन, हेमंत पटेल, पन्नालाल धरमगुड़ी

नारद साहू
प्राधिकृत अधिकारी

विनीत - सेवा सहकारी समिति सुरपा जिला दुर्ग (छ.ग.)

चंदूलाल टंडन
प्रभारी प्रबंधक

### सेवा सहकारी समिति डीडाभाठा (रानीतराई) की ओर से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

सहायक प्रबंधक - सालिक राम वर्मा
सह कर्मी - रूपचंद ठाकुर, देवकुमार यादव, राहुल ठाकुर, चंद्रकुमार वर्मा

अमन पांडे
प्रबंधक

विनीत - सेवा सहकारी सेवा समिति डीडाभाठा जिला दुर्ग (छ.ग.)

योगेश्वर साहू
प्राधिकृत अधिकारी

### सेवा सहकारी समिति निपानी की ओर से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस 2025 की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

सह कर्मी - चंद्रकांत मानिकपुरी, झुमुकलाल रघुवंशी हरिश्चंद्र साहू, रोशन लाल साहू

बेनीराम साहू
प्राधिकृत अधिकारी

विनीत सेवा सहकारी समिति निपानी जिला दुर्ग (छ.ग.)

जितेंद्र साहू
प्रभारी प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व 2025 की अग्रिम बधाई शुभकामनाएं

आओ लोकतंत्र को मजबूत बनाए अपना कर्तव्य निभाए,
गणतंत्र का मान बढ़ाए स्वतंत्रता का शान बढ़ाए
अधिकार के पहले कर्तव्य सोचे, दुनिया से जाने के पहले अपनी भूमिका निभाए,
काम ऐसा कर जाए कि जाने के बाद भी लोग याद करने विवश हो जाए
दुर्लभ मानव जीवन को सार्थक बनाए, भव भव से मुक्ति पाने निश्छल कर्म अपनाए,
जूनियर पीढ़ी को सीख दे जाए, संस्कार की विरासत दे जाए...

**शुभेच्छु - समाज सेवी**

संकलनकर्ता : आसकरण जैन वरिष्ठ पत्रकार जामगांव आर मो. 94062 68237

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अंडा।** महिला बाल विकास परियोजना के तहत ग्राम अंडा आंगनवाड़ी केंद्र 2 में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं, बच्चों और किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही सभी पोषण आहार के बारे में जानकारी दी गई। महिला बाल विकास विभाग सेक्टर सुपरवाइजर रेखा लोनारे ने कहा कि बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं उनके साथ होने वाले भेदभाव के प्रति जागरूक करना है। स्कूली बालिकाओ द्वारा रंगीली, पेंटिंग बनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के बालिका उपासना, पारणी, मानसी, पुष्पा, येनु, नंदनी, देविका, निशिका, डिकेश्वरी द्वारा रंगोली, पेंटिंग बनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका प्रेमीन चंद्राकर, पेमीन नागवंशी, दामिनी सिन्ध, स्वास्थ्य मितानिन रेखा चंद्राकर, रम्भा, रमशीला, लोकमनी देशमुख उपस्थित थीं। इस अवसर पर महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक रेखा लोनारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन साहू, सहायिका कुसमा ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### धनोरा में राम कथा 4 फरवरी से

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 65 वर्ष से श्री मदभागवत कथा एवं दो वर्ष से श्री राम कथा एवं शत चंडी यज्ञ का का आयोजन किया जा रहा है। श्री राम कथा भौतिक जीवन में शांति और आनंद प्राप्ति दुख दर्द संकट दूर के उद्देश्य से श्री राम की कृपा से आयोजन किया जाता है। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि माघी पुन्नी मेला के पावन पर्व पर 4 फरवरी से 7 फरवरी तक श्री हनुमंत कथा पंडित दीपक पाण्डेय के मुखारविंद से एवं श्री राम कथा वाचक अनंत विभूषित हनुमंत दार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य महाराज चित्रकुट धाम उत्तर प्रदेश के मुखारविंद से शतचंडी महायज्ञ विद्वान पंडितों के द्वारा सुबह 8 बजे से 12 बजे तक कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक एवं 12 फरवरी माघी पुन्नी मेला मड़ ई एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ के मशहूर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत द्वारा दरबार के लक्ष्मण बाबा ने सभी भक्तों से आग्रह बड़ी संख्या में उपस्थिति देने की अपील किया है।

## निधन

### रुखमनी देशमुख



**अंडा।** ग्राम भरदा (कोनारी) निवासी रुखमनी देशमुख उम्र 65 वर्ष का निधन 24 जनवरी को को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे चन्द्रकुमार देशमुख की पत्नी, निर्मल देशमुख की भाभी एवं गुमान देशमुख की मां थीं।

### मंजू गोस्वामी



**भिलाई।** स्टील कालोनी, नेहरू नगर पश्चिम, भिलाई निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजू गोस्वामी उम्र 64 वर्ष का निधन 24 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जनवरी को सुबह 11 बजे दुर्ग के शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व.हेमंत की पत्नी एवं अयोध्या पुरी की पुत्री थीं।

### मोहनी देवांगन

**दुर्ग।** शिक्षक नगर दुर्ग निवासी एडवोकेट जगदीश देवांगन की पत्नी मोहनी देवांगन का 24 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जनवरी को सुबह 10 बजे हरना बांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## रसमड़ा व गनियारी में रामायण और रामधुनी सम्मेलन आयोजित

# रामायण को श्रद्धापूर्वक पढ़ने से जीवन में कभी दरिद्रता नहीं आती: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रसमड़ा व गनियारी में आयोजित दो दिवसीय रामायण एवं रामधुनी सम्मेलन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस पावन अवसर पर सभी ग्रामीणजनों को इस अद्भुत धार्मिक आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, श्रद्धालु और कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिनके उत्साह और सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। रामायण के मंत्रमुग्ध कर देने वाले पाठ एवं रामधुनी की मधुर ध्वनि ने समूचे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमने बचपन से हमने घरों में रामचरित मानस का पाठ पढ़ा और सुना होगा। सनातन धर्म का ये महाग्रंथ हमें जीवन जीने का मार्ग दिखाता है और जीवन जीने की कला सिखाता है। कई

**अंचल की विभिन्न मंडलियों ने दी अनुपम प्रस्तुति**



विद्वान और कथा वाचकों का कहना है कि रामचरित मानस का पाठ करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसके अलावा भी रामचरित मानस का पाठ करने के कई फायदे होते हैं। इस महाग्रंथ की पांच चौपाइयों का रोजाना पाठ करने या श्रद्धापूर्वक जाप करने जीवन में कभी दरिद्रता नहीं आती। यानी ये चौपाइयां घर परिवार में खुशहाली लाने के लिए मंत्र का काम करती है। रामचरितमानस एक धार्मिक ग्रंथ है और यदि आप इसे नियमित रूप से पढ़ेंगे और सच्चे मन से पूजा करेंगे, तो आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। इसमें लिखे हर दोहे और चौपाई का एक अलग महत्व और अर्थ होता है।

इस अवसर पर अंजोरा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गिरेश साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नंदू निर्मलकर, सरपंच मुकुंद पारकर, पूर्व सरपंच गिरेश्वर देशमुख, सरोज पारकर, मोतिम पारकर, सुनीता देशमुख, ओंकार देवांगन, सुखदेव देवांगन, सोसाइटी अध्यक्ष मुकेश मंडले, सतरूपा निषाद, तेजराम पारकर, श्याम निषाद, गौरव दास गोस्वामी, मंटू देशलहरे, मन्नू यादव , सरपंच पदमा साहू, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, शिवकुमारी वैष्णव, ओमेश्वर राजू यादव, शिव निर्मलकर, मंडल महामंत्री शिवनारायण निषाद, प्रीतपाल ठाकुर, जितेन्द्र गुप्ता, गायत्री ठाकुर, लोचन सिन्हा, टीकम जोशी, मोहन ठाकुर, तामेश्वर साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# वैष्णव समाज ने सेलूद में मनायी रामानंदचार्य जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम सेलूद में छत्तीसगढ़ दक्षिण पाटन मंडल वैष्णव समाज द्वारा समाज के ईस्ट देव जगतगुरु रामानंदचार्य की 725 वीं जयंती मनाया गया।

यह आयोजन ग्राम सेलूद के श्रीराधा कृष्ण हनुमान मंदिर एवं झूलाबाबा प्रांगण सेलूद के तुलसीदास वैष्णव के निवास में मनाया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारम्भ हुआ। हनुमान, लड्डु गोपाल व समाज के जगतगुरु रामानंदचार्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजा आरती के साथ हुआ। उपस्थित सभी वैष्णव समाज के लोगों का परिचय व स्वागत किया गया। गीत संगीत का भी आयोजन हुआ जिसमें कपसदा निवासी भगवताचार्य पीलाराम शर्मा भजन व रामायण के टीका किया। उपस्थित महिलाओं द्वारा भी भजन कीर्तन किया गया। सभी समाजिक महंत व अन्य पदाधिकारीयों का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया।

■ समाजिक महंत व अन्य पदाधिकारीयों का शाल व श्रीफल से किया सम्मान

आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंगलदास वैष्णव, गालव वैष्णव, मंडलेश्वर उपमंडलेश्वर मुरली वैष्णव, कोषाध्यक्ष तुलसी वैष्णव, मीडिया प्रभारी कुलदीप वैष्णव, खिलावन वैष्णव, वासुदेव वैष्णव, मन्नू वैष्णव, मुक्ता वैष्णव, रोमन वैष्णव, तरुण वैष्णव, शुभम वैष्णव, दीपक वैष्णव, शुभम वैष्णव व वैष्णव समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नपं पाटन में चुनावी सरगर्मी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगरीय निकायों में आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नगर पंचायत पाटन में जनवरी के ठंड में भी चुनावी पारा बढ़ गया है। आरक्षण के बाद अब चुनाव तिथि की भी घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में लागू हो गई है। इस बीच पूरे प्रदेश की राजनीति में अपना विशेष स्थान रखने तथा प्रदेश की राजनीति के केंद्र बिंदु बनने वाले पाटन में भी चुनावी हलचल काफ़ी तेज हो गई।

नगर की जनता के बीच दावेदार अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं साथ ही चाय दुकान, पान दुकान, होटलों, मेडिकल स्टोर सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी भाजपा और कांग्रेस के दावेदारों की चर्चा आमजनों में होने लगी है। इस बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अध्यक्ष और महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से हो रही है इसलिए दावेदार सीधे अध्यक्ष बनने के लिए ज्यादा सक्रियता दिखा रहे हैं और कई लोग निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी ताकत दिखाने की बार कह रहे हैं। विदित हो कि पाटन नगर पंचायत अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित है। एक ओर जहां कांग्रेस की पूरी रणनीति पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन के विधायक भूपेश बघेल के इर्द गिर्द रहने वाली है वहीं दूसरी ओर संगठन के कैडर आधारित पार्टी होने का दावा करने वाली सत्ताधारी भाजपा की बागडोर सांसद विजय बघेल के साथ ही संगठन के नेताओं व कोर कमिटी तय करेगी। भाजपा की बात करें तो यहां पूर्व पार्षद निशा सोनी के साथ ही सांसद विजय बघेल के करीबी माने जाने वाले बाबा वर्मा, पूर्व पार्षद होरीलाल देवांगन, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कुणाल शर्मा और पार्षद निक्की भाले की दावेदारी चर्चा का विषय है। निशा सोनी महिला होने के साथ ही पूर्व में पार्षद कार्यकाल की उपलब्धि बताकर अपनी दावेदारी दिखा रही हैं वहीं होरीलाल देवांगन भी पूर्व में पार्षद रहे हैं।

■ नगर की जनता के बीच दावेदार अपनी दावेदारी कर रहे प्रस्तुत

भाजपा युवा मोर्चा की राजनीति से नगर पंचायत के दावेदार के रूप में अपनी एंट्री करने वाले कुणाल शर्मा भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष रहे हैं। वहीं बात बाबा वर्मा की करें तो उन्हें विगत कई विधानसभा व लोकसभा चुनावों में विजय बघेल के लिए रणनीति बनाते देखे गए हैं साथ ही सांसद विजय बघेल के कार्यालय प्रभारी बनकर सफल चुनाव संचालन की उपलब्धि भी उनके पास है। नगर पंचायत बनने के बाद अब तक हुए चुनावों में भाजपा ने कभी भी कूर्मि समाज के व्यक्ति को प्रत्याशी नहीं बनाया है चूंकि नगर पंचायत पाटन में समाहित खोरपा, अटारी और अखरा में कूर्मि समाज की खासी बहुलता होने के कारण भी सामाजिक दृष्टिकोण से बाबा वर्मा की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है, युवा होने तथा सांसद विजय बघेल की टीम के होने के साथ ही सभी के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध होना उनकी दावेदारी को सुदृढ़ बना रही है। इसके अलावा पूर्व में पार्षद रहे होरीलाल देवांगन और वर्तमान पार्षद निक्की भाले की दावेदारी भी किसी से छुपी नहीं है।

# आलबरस स्कूल में नौनिहाल बच्चों से फावड़ा कुदाल लेकर शिक्षक करा रहे साफ-सफाई

दिलीप साहू ▶▶| निकुम



नौनिहालों का भविष्य संवारने के लिए भले ही सरकार तमाम कोशिश कर रही हो, लेकिन सरकारी स्कूल के जिम्मेदार अधिकारियों के अनदेखी व लापरवाह शिक्षक सरकारी योजनाओं का बट्टा लगाने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद भी शिक्षा विभाग में जमकर भर्राशाही नीति चल रही है, जनहित योजनाओं का भाजपा सरकार खुद ढिंढोरा पीटकर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है, लेकिन जिले में बैठे अधिकारी को जनता की सुध लेने की फुर्सत ही नही है, वहीं सरकारी स्कूल को देखते ही सवालिया निशान उठता है। स्कूल में बच्चों को भोजन की गारंटी है, लेकिन शिक्षा की नही हैं। स्कूलो में पढ़ाई का स्तर काफी कमजोर होकर ग्राफ गिर रहा है, ऐसे पांचवी व आठवीं बोर्ड परीक्षा भी है। प्रशासन ने स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने संकुल व समन्यवयक बनाये है, वहीं दुर्ग जिले में 174 संकुल समन्यवयक अपनी मनपसंद जगह में आखिर किसके इशारे पर में दशक भर से पदस्थ है, वहीं नियमानुसार सीएसी को मूल शाला में तीन कालखण्ड अपने विद्यालय में पढ़ाना पढ़ता है, लेकिन अपनी चापलूसी राजनीति के कारण कई वर्ष से ही एक ही स्कूल में दही की भांति जमे हैं, वही आये दिन एनजीओ सरकारी स्कूल को मानो प्रयोगशाला बनाकर आए कई तरह के एग्जाम लेते रहते हैं। वहीं गणत्रंत दिवस के दो दिन पूर्व विकासखंड दुर्ग के 'शासकीय प्राथमिक 'शाला आलबरस के नौनिहाल मासूम बच्चे कापी किताब के सुबह 10 बजे से ही स्कूल पहुंचकर शिक्षकों के आदेश पर सफाई कराने स्कूल में फावड़ा, हसियां, झाडू लेकर नौनिहाल फावड़ा, कुदाल से घास फुस सहित गंदी जगह की सफाई बिना सुरक्षा के कर रहे हैं। वहीं गंदगी से बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है। सफाई करते समय मासूम बच्चे खूब पसीना बहाते दिखे। वही राष्ट्रीय बालिका दिवस जहां बेटियों का सम्मान कई स्कूलो में हो रही है, वहीं जिन बेटियों के हाथ में काफी किताब होनी चाहिए वह धूल धूसरित हो शिक्षकों के आदेश पर स्कूलो में झाडू लगाकर साफ सफाई करते दिखे। वहीं इस स्कूल में एक शिक्षिका का अन्य व्यवस्था में अन्य जगह में पदस्थ होने से शिक्षकों की कमी है। एक शिक्षक को सीएसी का कार्य भार संभाल रहे हैं। स्कूल में कुल 124 बच्चे अध्यनरत है। वही पूर्व माध्यमिक शाला में बिजली वायरिंग खराब है, 'शौचालय भी खराब है , स्कूल मैदान समतलीकरण नही हुआ है और बाउण्ड्रीवाल भी जर्जर हो गई है। वहीं स्कूल में शिक्षक की कमी है। वही प्रधान पाठक सावित्री चंदेल ने कहा कि लेबर नही मिलने के कारण बच्चो से सफाई करवाना पड़ा। इस बात के बारे में बीईओ दुर्ग के गोविंद साव ने कहा कि बच्चो से सफाई ना करवाये ,तुरंत मना कर जानकारी लेता हूॅ कहने की बात कही है।

■ बीईओ ने जानकारी लेकर बच्चों से काम न करवाने की बात कही गई

# निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

प्रदेश में नगरी निकाय चुनाव में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने के तीसरे दिन निविर्तमान अध्यक्ष सुनीता गुप्ता सहित कांग्रेस के पंद्रह पार्षद पद के दावेदारों ने नगर पंचायत पहुंचकर नामांकन फार्म लिया एवं सुनीता गुप्ता ने पुनः अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म ख़रीदा है। वार्ड क्रमांक 1 से देवनाथ सोनकर, वार्ड क्रमांक 2 से जिब्रान उल्लाह खान, वार्ड क्रमांक 3 से आनंद धीवर, वार्ड क्रमांक 4 से विजय धीवर, वार्ड क्रमांक 5 से कुमारी बाई धीवर, वार्ड क्रमांक 6 से ईश्वरी भोई, वार्ड 7 से राकेश सोनी, वार्ड 8 से अरुण साहू, वार्ड 9 से सरिता यादव, वार्ड 10 से दुखवा पटेल, वार्ड 11 से श्रवण सतनामी, वार्ड 12 से खुशबू ताम्रकार, वार्ड 13 से अरुणिमा ताम्रकार, वार्ड क्रमांक 14 से शैलेंद्री साहू, वार्ड 15 से परमेश्वर साहू (चीकू) ने फॉर्म खरीदा। इसी प्रकार भाजपा से वार्ड क्रमांक वार्ड 1 से बृजेन्द्र दानी, वार्ड क्रमांक 1 से ही प्रत्याशी जीतू पटेल, वार्ड क्रमांक 15 से प्रत्याशी अनिल ताम्रकार, वार्ड क्रमांक 12 से और अनुज सेन एवं अन्य वार्डो से प्रतिमा यादव व तुलसी ताम्रकार ने दावेदारी के लिए नामांकन फार्म खरीदा है।वहीं इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग राजीव गुप्ता ने कहा कि लगभग सभी वार्डों में सिंगल नाम पर सहमति बना करके जिला कांग्रेस कमेटी में भेज दिया गया है बहुत जल्द ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा इसकी सूची भी जारी कर दी जावेगी।

■ सुनीता गुप्ता सहित 15 संभावित प्रत्याशियों ने लिया नामांकन फॉर्म



वहीं सुनीता गुप्ता ने कहा कि धमधा नगर की जनता के आशीर्वाद से लगातार 10 साल अध्यक्ष रहने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है आज पुनः नगर की जनता के सेवा करने के लिए नामांकन फॉर्म भर लिया है। आप सभी के सहयोग से नगर पंचायत धमधा मे विकास के नए आयाम स्थापित करने का अवसर प्राप्त हुआ था मेरी प्राथमिकता हमेशा आपके विश्वास पर खरी उतरने किए रही है इस बार फिर से आपके साथ और आपके विश्वास के साथ में आपका आशीर्वाद की आकांक्षा करती हूं ताकि धमधा के विकास की यह यात्रा अनवरत चलती रहे।

# शिकसा निरंतर संस्कार और परंपरा को बनाये रखने को प्रयासरत: शिवनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर 'रघुपति राघव राजा राम' कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' के संयोजन, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान के उपस्थिति व टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली सक्ती व सलाहकार शिकसा के अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन 'आस' ने कार्यक्रम पर अपना विचार प्रगट करते हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जिससे हमें अपने संस्कार व परम्परा बना रहता है।

■ शिकसा रघुपति राघव राजा राम का हुआ आयोजन

तत्पश्चात प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने कहा कि शिकसा ही एक ऐसा मंच है जहां हर परंपरा व तीज-त्योहार को मिलकर मनाने का अवसर संयोजक आस द्वारा प्रदान किया जा रहा है। वहीं महासचिव डॉ. बोधीराम साहू, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर व कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने भी कार्यक्रम के आयोजन पर अपना-अपना विचार प्रगट किया। कार्यक्रम में श्यामलाल कोर्राम, रेखा पात्रे, कल्पना देवांगन, नैना साहनी, विंध्यवासिनी पांडे, चन्द्रकला शर्मा, शशिकला पाण्डेय, रामकुमार पटेल, मुकेश कुमार शिक्षक, हर नारायण साहू, डॉ. संध्या केशरवानी, डॉ. ज्योति किरण चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

# रामायण जीवन दायिनी संस्कार का अनुपम स्त्रोत है, भावी पीढ़ी को विरासत में दें: सुरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

युवा मित्र मंडल द्वारा ग्राम बेल्हारी में आयोजित राज्य स्तरीय रामायण मेला महोत्सव 2025, 26 वें वर्ष के इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के विभिन्न जिलों से 30 मानस दलों ने भाग लिया। जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, रूपेंद्र शुक्ला, किशोर चन्द्राकर, तहसील मानस संघ अध्यक्ष टीकाराम साहू, संदीप शर्मा, अमित राठी, मोहित निषाद, ईशु बंसोड़, भेन चन्द्राकर, राजुकुमार साहू, सनत शर्मा, दीपांशु महमल्ला, बिसहत साहू, संतोष लहरे, आनन्द बंसोड़, अमरनाथ, जगत सिन्हा, डोमार साहू, वेद अग्रवाल, अभिषेक सेन, बाबूलाल साहू, प्रकाश साहू, भूषण साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों ने लाभ लिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि रामचरित मानस की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार में गोस्वामी तुलसी दास का योगदान अतुलनीय है। रामायण जीवन दायिनी संस्कार का अनुपम स्त्रोत है। इसे भावी पीढ़ी को विरासत में दे, जन-जन तक पहुंचाने में ऐसे आयोजन मददगार साबित होगा। कार्यक्रम संयोजक मनीष चन्द्राकर ने कहा कि रामायण, गीता जैसे महाग्रन्थ हमारे जीवन को दिशा देते हैं। सरपंच प्रतिनिधि हलधर महमल्ला, संस्थापक सदस्य यादमल गोलछा, समाजसेवी नीलकंठ शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में ग्राम प्रमुख संतोष राठी, प्रदीप सिंह तोमर, मानस भूषण, आशीष सिन्हा, रामकुमार शांडिल्य, अनिल शर्मा, रामसिंह बंसोड़, ताराचंद महतो, खुमान साहू, भास्कर वर्मा, डॉ. सूजन भी मंचासीन थे।



**मिला मानस धनुर्धर का सम्मान**

आयोजन में पुरुष वर्ग में पंचानन मानस परिवार कुरूद एवं महिला वर्ग में शिवप्रिया बालिका मानस दल रुंवातला डोंगरगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर मानस धनुर्धर का सम्मान हासिल किया। इसी तरह उपरवारा, भिंभौरी, ढाबाडीह, परसाही एवं महिला वर्ग में अम्बागढ़ चौकी, गुढ़ियारी रायपुर, डाडेसरा, फरसिया नगरी को द्वितीय से पंचम क्रम में स्थान मिला।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129



लाइव इवेंट

## सांसद विजय बघेल जिला ओलम्पिक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**भिलाई।** जिला ओलम्पिक संघ दुर्ग का चुनाव सांसद विजय बघेल के निवास में हुआ। इस दौरान उन्हें एसोसिएशन का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। बैठक में ओलम्पिक से मान्यता प्राप्त जिला खेल संघों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में तैराकी संघ से गोपाल खंडेलवाल, रोविंग संघ से रमेश कुमार श्रीवास्तव, सहीराम जाखड़, फैसिंग संघ के बशीर अहमद खान, जूडो से अरुण द्विवेदी, खो-खो से उमेश सिंह, पोखन लाल साहू, मोहन लाल कोसरे, योगेश कुमार, वीआर चन्नावर सहित अन्य मौजूद थे। सांसद का नाम सहीराम जाखड़ ने प्रस्तावित किया, जिसका समर्थन रमेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को पारित किया। बैठक में बशीर अहमद ने जानकारी दी कि संघ का पंजीयन फर्म्स एवं संस्थाएं से वर्ष 1997 में किया गया था। जो सक्रिय रुप से कार्य न करने के कारण जिला ओलम्पिक संघ दुर्ग का पुर्नगठन किया जा रहा है। इसमें 13 पदों पर पदाधिकारी का चुनाव किया जाना है। अध्यक्ष के अलावा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष 1, उपाध्यक्ष 3, महासचिव 1, सहसचिव 3, कोषाध्यक्ष 1, कार्यकारिणी सदस्य 3 पद हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव, सहीराम जाखड़, उमेश सिंह चुने गए। बशीर अहमद खान महासचिव चुने गए। सहसचिव अरुण द्विवेदी, व्हीआर चन्नावर, पोखन लाल साहू चुने गए। कोषाध्यक्ष योगेश कुमार चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में समीर खान, मोहनलाल कोसरे, अब्दुल रहीम चुने गए। विजय बघेल ने कहा कि जिले के सभी खेल संघों को मान्यता प्रदान की जायेगी। उनके खेलों की मैदान की व्यवस्था किया जाएगा, दुर्ग जिला ओलम्पिक गेम्स का आयोजन किया जाएगा।

सिटी इवेंट

## तोरण से मंदिर परिसर को सजाया, विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ भगवान हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज भिलाई नगर परिक्षेत्र महिला प्रकोष्ठ एवं वार्ड 23 घासीदास नगर निषाद समाज के संयुक्त तत्वावधान में बड़े ही धूमधाम से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाया गया। वार्ड में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर (खेल मैदान के पास) के आसपास सफाई कर तोरण पताका सजाया गया। पूजा पाठ एवं आरती की गई। सभी ने भगवान राम एवं हनुमान से मनोकामना पूरा करने के लिए प्रार्थना की। इसके बाद भिलाई नगर परिक्षेत्र के तत्वावधान में राम जानकी मंदिर निषाद छात्रावास कोहका भिलाई में आरती पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार निषाद क्षेत्रीय अध्यक्ष, ब्रह्मानंद नाविक क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष, हीरालाल निषाद कुटेलाभाठा क्षेत्रीय समाज सेवक, डेकेश्वरी निषाद अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, प्रदेश मंत्री महिला प्रभाग मछुआ कल्याण समिति, चंचल निषाद उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, पूर्णिमा निषाद कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, नूतन निषाद सह सचिव महिला प्रकोष्ठ, लीला निषाद कार्यकारिणी महिला प्रकोष्ठ, टीकम निषाद अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, खेमू लाल निषाद कोषाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, हीरालाल निषाद मॉडल टाउन वार्ड प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे।

- निषाद समाज ने की दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

## सामाजिक क्षेत्रों में रचनात्मक कार्यों के लिए दिलीप ठाकुर हुए सम्मानित




**भिलाई।** पद्मश्री गुहा राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में शहीद वीर रामाधीन गोंड शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आदिवासी गोंड महासभा एवं अखिल भारतीय विकास परिषद जिला राजनादगांव के तत्वावधान में यह कार्यक्रम हुआ। आयोजन में विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा एमडी ठाकुर ने की। जिला अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े विशेष रूप से मौजूद थे। एमडी ठाकुर ने कहा कि शहीद वीर रामाधीन गोंड अंग्रेजों से समझौता के बजाय सीने में गोली खाना पसंद किया। शहीद रामाधीन सदा देश हित में रहे। सीधे सहज सरल इनकी विशेषता थी। डॉ. रमन सिंह ने शहीद वीर रामाधीन की गाथा और शौर्य की जानकारी दी गई। उन्होंने आज के परिपेक्ष्य में समाज की प्रगति उपलब्धि और विकास पर प्रकाश डाला। समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। साथ ही अन्य क्षेत्र से आमंत्रित उल्लेखनीय रचनात्मक और मूल्यवान सेवा के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सम्मानित किया। दुर्ग जिला चिकित्सालय के जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर को उल्लेखनीय सेवा रचनात्मक कार्य और मूल्यवान सकारात्मक सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। केंद्रीय गोंडवाना समाज के सलाहकार सीताराम ठाकुर, पन्ना नेताम को समाज के लिए सक्रिय और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, विष्णु ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

- स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का होगा सम्मान, विभागीय झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

# पहली बार 76वां गणतंत्र दिवस समारोह एसएफ बटालियन में बीएसएफ, सीआईएसएफ, आर्म्स फोर्स के जवान होंगे शामिल

गणतंत्र दिवस समारोह पहली बार एसएफ बटालियन स्थित परेड ग्राउंड में होने जा रहा है। अब से स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस समारोह इसी परेड ग्राउंड में होगा। शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह का ट्रायल हुआ। आयोजन में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का प्रमुख रूप से मौजूद थे। रिहर्सल के दौरान वह सारी प्रक्रिया की गई, जो गणतंत्र दिवस समारोह में होनी है। इस दौरान बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी हुई। मुख्य अतिथि के आगमन व ध्वजारोहण का अभ्यास किया गया। परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, खुले आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया।

**दुर्ग।** आयोजन में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। समारोह स्थल में सुबह 9 बजे ध्वज फहराया जाएगा। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के प्रथम बटालियन में होगा। पूर्वाभ्यास के दौरान जानकारी दी गई कि शिक्षा विभाग के माध्यम से पांच सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। इसमें छत्तीसगढ़, कला, संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही आजादी पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। इसके अलावा सभी सरकारी विभागों द्वारा झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। आयोजन में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी, अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित किए जाएंगे। शुक्रवार को रिहर्सल के दौरान सहायक कलेक्टर एम. भार्गव ने पूर्वाभ्यास के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। मंच पर मुख्य अतिथि के आगमन व ध्वजारोहण का अभ्यास के साथ ही कलेक्टर और एसपी के साथ परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, खुले आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीइओ बीके दुबे, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम एचएस मिरी, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।





### गणतंत्र दिवस पर सदभावना हॉकी मैच का आयोजन

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की घोषणा होने पर सन 1950 की संध्या नागरिक एकादश एवं कलेक्टर एकादश के मध्य हॉकी मैच का आयोजन किया गया। यह मैच दुर्ग की जनता और तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य खेला गया था। उक्त जानकारी देते हुए खेल समिति के सचिव एडवोकेट अमर चोपड़ा ने बताया कि परम्परा को कायम रखते हुए जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिक 1950 से चली आ रही परंपरा के निरंतर जारी रखने में रूचि लेकर 76वां हॉकी मैच 26 जनवरी 2025 को प्रथम बटालियन कातुलबोड़ के प्रांगण में आयोजित किया गया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी तथा खेल समिति के सचिव अमर चोपड़ा द्वारा आयोजन को सफल बनाने की अपील नगरवासियों से की गई है। कलेक्टर एकादश के खिलाड़ी वर्तमान समय में व्यस्त होने के बाद भी परंपरा को जारी रखने में कटिबद्ध है।

### एक शाम वतन के नाम कार्यक्रम में आएंगे कीर्ति चक्र सम्मानित सूबेदार



**भिलाई।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम हिंदुस्तानी मंच द्वारा आयोजित एक शाम वतन के नाम देशभक्ति कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं उक्त कार्यक्रम में सेना के वीर जवानों का सम्मान किया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कीर्ति चक्र से सम्मानित सूबेदार संतोष राले ( पुणे महाराष्ट्र ) से आ रहे है कार्यक्रम में भारतमाता की आरती की जाएगी और भोग प्रसाद वितरण किया जाएगा यह आयोजन गुडिचा मंडप सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 10 में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी समिति के महेंद्र प्रताप सिंह बबलू ने दी।



# ज्येष्ठ नागरिक संघ ने स्कूली बच्चों को दिए जूते-मोजे, नौनिहालों के चेहरे खिले

**दुर्ग।** ज्येष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर के तत्वावधान मे चिरपोटी एवं कानाकोट गांव के स्कूल के विद्यार्थियों को जूता मोजा एवं पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। दुर्ग विकासखंड के ग्राम चिरपोटी में 92 एवं पाटन ब्लाक के ग्राम कानाकोट में 82 बच्चे इससे लाभान्वित हुए। ज्येष्ठ नागरिक संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने अपने हाथों से बच्चों को जूता-मोजा पहनाया, और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान ज्येष्ठ नागरिक संघ के डॉ. देवकुमार मंडरिक, राधेश्याम अग्रवाल, लालचंद जैन, राजकुमार सिंह, चंद्रभूषण अग्रवाल, अजय जाधव, सुधीर पाटणकर, प्रवीण उज्झवाने, जयश्री मंडरिक, शोभा अरोरा, नीरा सिंग एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं नया मोजा-जूता प्राप्त कर बच्चों के चेहरे बरबस खिल उठे।ज्येष्ठ नागरिक संघ के पदाधिकारियों ने बच्चों एवं शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी तरह की मदद भविष्य में भी करते रहेंगे।







### स्कूली बच्चों को दी जाएगी लोक कला, संस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की जानकारी



**भिलाई।** भारतीय सांस्कृतिक न्यास (इंटेक) के दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा ज़िले में स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारत की सांस्कृतिक विरासत, छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं, परंपराओं, पर्वों आदि से संबंधित जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से स्थापित हेरिटेज क्लबों का पुनर्गठन कर सक्रिय बनाया जाएगा। हाना-पोस्टर, पेंटिंग व क्विज स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। हेरिटेज वॉक, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा, आभूषणों, व्यंजनों के साथ साथ पुराने सिक्कों व डाक टिकटों के संकलन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उपरोक्त निर्णय स्थानीय अध्याय की बैठक में ली गई। बैठक की अध्यक्षता साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने की। बैठक का संचालन करते हुए संयोजिका डॉ. हंसा शुक्ला ने अध्याय कि गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. डीएन शर्मा, प्रसिद्ध व्यंग्यकार विनोद साव, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. रजनी नेलसन, साहित्यकार विद्या गुप्ता, प्रसिद्ध चित्रकार महेश चतुर्वेदी, डॉ. सुनीता वर्मा, प्रज्ञा सिंह, कांति भाई सोलंकी, सामाजिक कार्यकर्ता बी पोलम्मा, महेंद्र देवांगन, विश्वास तिवारी, इजा नेलसन पाल तथा आशीष गौराहा सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

माघ मास के आखिरी सप्ताह के पांच दिन व्रत-साधना-दान के लिए अति शुभ

# शुभ संयोगः कल षटतिल एकादशी, 26 को तिल द्वादशी, 27 सोम प्रदोष 29 को मौनी अमावस्या और 30 से गुप्त नवरात्र की होगी शुरुआत

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** माघ माह के कृष्ण पक्ष में 25 से 30 जनवरी तक पांच दिन षटतिल एकादशी, षटतिल द्वादशी, सोम प्रदोष, मौनी अमावस्या और गुप्त नवरात्र के दौरान विशेष योग बनेंगे। इन व्रतों और पों में संकल्प, दान, स्नान और ध्यान का विशेष महत्व है, जो अक्षय फलदायी होंगे। मंदिरों में भगवान विष्णु, श्री कृष्ण और भगवान शिव की विशेष आराधना की जाएगी। भगवताचार्य और महात्युंजय मंदिर के पुजारी पं. लाखेश्वर पांडेय के अनुसार 25 जनवरी को षटतिल एकादशी, 26 जनवरी को तिल द्वादशी और 27 जनवरी को सोम प्रदोष पड़ेंगे। तिल द्वादशी पर कौलव करण और गुरु सूर्य की दृष्टि के कारण विशेष योग बनेगा। वहीं, सोम प्रदोष पर हर्षण और लुबंक योग बनेगा, जो विशेष पुण्यदायिनी रहेगा। इस दिन शिव भगवान का अभिषेक पूजन और दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदियों और जलाशयों में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। इस दिन सिद्ध और ब्रज योग बन रहा है, जिससे धार्मिक क्रियाएं अत्यधिक फलदायी होंगी। मौनी अमावस्या विष्णु और पितरों को समर्पित होती है। इस दिन दान करने से पितरों को मोक्ष मिलता है और नदियों में स्नान से पापों का नाश होता है। और पवित्र साथ ही मौन व्रत से वाणी की शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति होती है।



30 जनवरी को गुप्त नवरात्र का आरंभ वरीयान योग में होगा। यह 6 फरवरी तक रहेगी। नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 9:25 से 10:46 बजे तक रहेगा, जबकि अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:13 से 12:56 बजे तक होगा। इन मुहूर्तों में घटस्थापना का योग है। वसंत पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 11:52 बजे से शुरू होकर 3 फरवरी को सुबह 9:34 बजे तक रहेगी। इस दिन रवि योग और शिव व साध्य योग विशेष रूप से पुण्यकारी रहेंगे। इसके बाद सिद्ध योग रहेगा, जो पूरे दिन फलदायी होगा। 4 फरवरी को नर्मदा जयंती पर परशुक्लय नयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बनेगा, जो विशेष धार्मिक कार्यों के लिए शुभ रहेगा। साथ ही, इस दिन रथ सप्तमी भी मनाई जाएगी।

### 7 मार्च तक शादी-ब्याह के मुहूर्त, साल में 76 शुभ मुहूर्त

20 जनवरी के बाद से शादी-ब्याह का सीजन एक बार फिर शुरू हो गया है। फरवरी के पूरे माह में शादी की धूम रहेगी। इस पूरे साल में शुभ और मांगलिक कार्य 76 दिनों तक हो सकेंगे। मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी से शुरू हुए विवाह सहित शुभ कार्यों की शुरुआत हो चुकी है। जनवरी के शेष दिनों सहित फरवरी में विवाह मुहूर्त और उसके पश्चात 7 मार्च तक मुहूर्त रहेंगे। फिर होलाष्टक की शुरुआत हो जाएगी। पंडितों की मानें तो शुक्र ग्रह 19 मार्च से 23 मार्च तक 4 दिन तक अस्त, गुरु ग्रह 12 जून से 9 जुलाई तक 27 दिन के लिए अस्त रहेंगे। इसके अलावा भी शुक्र ग्रह इस साल में दोबारा अस्त होंगे जो 12 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 24 दिन तक अस्त रहेंगे। शुभ काम सहित मांगलिक कार्य वर्जित रहेगा। पिछले साल 62 दिन ही विवाह मुहूर्त थे जबकि इस साल 76 दिन से भी ज्यादा मुहूर्त होंगे।

### जनवरी, फरवरी और मार्च महीने में शादी के मुहूर्त ज्यादा

पंडित के अनुसार आगामी दिनों में शादी के मुहूर्त ज्यादा हैं। 26 जनवरी सहित 2 फरवरी, 21 और 22 फरवरी को विवाह मुहूर्त की धूम रहेगी। शहर में संभवतः 150 से अधिक शादियां होंगी। जनवरी के शेष दिनों में 26, 30, फरवरी माह में 2, 3, 4, 6, 7, 13, 14, 15, 18, 19, 20, 21, 25, मार्च में 3, 5, 6, 7, अप्रैल में 14, 15, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30, मई में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 28, जून में 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8, नवंबर में 21, 22, 23, 24, 25, 26, 30, दिसंबर में 1, 4, 5, 6 में शादी के मुहूर्त हैं। पंडितों के अनुसार इन दिनों ब्राह्मण परिवारों सहित शहरवासियों की ओर से 10 से 15 साल तक के बच्चों का यज्ञोपवित संस्कार के आयोजन भी किए जा सकते हैं।

सिटी इवेंट

# पराक्रम दिवस पर प्रश्नोत्तरी, 100 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने लिया भाग



**भिलाई।** पराक्रम दिवस पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने भारत के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को जाना। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पराक्रम दिवस पर परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दुर्ग शहर के प्रतिष्ठित 19 विद्यालयों से 100 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष और उनकी गाथा को पढ़ने से संघर्ष करने की क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने पुष्प गुच्छ देकर के मुख्य अतिथि रवींद्र कुमार, सहायक आयुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम साहू एवं डॉ. अजय आर्य ने किया। डॉ. आर्य ने कहा कोई भी इम्तिहान व्यर्थ नहीं जाता। कोई सफलता, तो कोई तजुर्बा देकर जाता है। सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार ने छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को जानना चाहिए। भारत है कार्यक्रम के तहत अनेक एपिसोड है जिनमें से 5 चुनिंदा एपिसोड छात्र-छात्राओं को दिखाया जाएगा और उसके पश्चात उनकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आरंभ होगी। स्वतंत्रता के इतिहास में अनेक योद्धा ऐसे रहे हैं जिन्हें कम पढ़ा गया और जिनके बारे में कम लिखा गया है। भारत हैं हम के अंतर्गत उन्हें योद्धाओं के इतिहास को स्मरण किया गया है। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। इसलिए देश के बलिदानियों से उनकी सोच से छात्र-छात्राओं का परिचित होना आवश्यक है।

- 19 विद्यालयों ने की शिरकत, वृत्तचित्र भी दिखाए गए

### स्वतंत्रता सेनानियों के वृत्तचित्र भी दिखाए गए

पुरुषोत्तम साहू ने बताया कि तिलक मांझी, पीर अली खान, मंगल पांडे, अहिल्याबाई होल्कर, और खुदीराम बोस के संबंध में स्वतंत्रता संग्राम पर वृत्त चित्र छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। प्रतियोगिता परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को अलग-अलग कक्ष में बिठाकर उन्हें अनुक्रमांक दिया गया। कार्यक्रम में संजीव भदोरिया, रचना पाल, अमरनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में जेएनवी दुर्ग, शकुंतला विद्यालय दुर्ग, कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर, विश्वदीप हायर सेकंडरी स्कूल दुर्ग, श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई, एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 6, स्वामी आत्मानंद गर्ल्स इंग्लिश स्कूल दीपक नगर, शंकराचार्य विद्यालय, मां शारदा पब्लिक स्कूल दुर्ग, गवर्नमेंट आदर्श गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल, गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल धनोरा सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

आज-कल के आयोजन

## लोककला महोत्सव व मंडई मेला का 26 तक तीन दिवसीय आयोजन

**भिलाई।** जय ज्योति पंथी कला समिति कुरूद और ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में लोक कला महोत्सव एवं भव्य मंडई का आयोजन 26 जनवरी तक किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसमें पंथी, सुआ, करमा, ददरिया, राउत नाचा, गम्मत नाचा, पंडवानी सहित सभी विधाओं को समाहित किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कौशल्या देवी साय, छत्तीसगढ़ी फिल्म एवं वीडियो वर्ल्ड के मोहन सुंदरानी, डॉ योगेंद्र चौबे विभागध्यक्ष नाट्य एवं लोक संगीत, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, विधायक रिकेश सेन, पद्मश्री डॉ उषा बारले उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक अंतरराष्ट्रीय एवं स्वर्ण पदक विजेता पंथी कलाकार मोहन दास चतुर्वेदी, समिति से कैलाश चतुर्वेदी, नरेंद्र निषाद, हरिश्चंद्र साहू, अजय साहू, संजय गायकवाड, विनोद चतुर्वेदी, राजेश राजकुमार निर्मलकर, मयंक, बलराम, राजू जोशी, संजीत, देवेंद्र, गुंजन, पिंटू, जनक, मन्नू वर्मा, टोपेस संतोष, सोनू, फूलनदास मनीष, सतेंद्र सहित अन्य जन उपस्थित रहेंगे।

## एक दिवसीय पंथी प्रतियोगिता और मंड़ई मेला जरवाय में आज से

**भिलाई।** भिलाई जय सतनाम युवा संगठन, सतनामी समाज व समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से शनिवार को पंथी प्रतियोगिता दोपहर 1 बजे से और रविवार भव्य मड़ई मेला व रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुराग शर्मा स्टार नाइट का आयोजन ग्राम जरवाय भिलाई-दुर्ग में किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सचिन मधुकर ने बताया कि पंथी प्रतियोगिता में प्रथम ईनाम पुरुष 10,001 रु., द्वितीय 7001, तृतीय 5001, चौथा 3001 रु. और पांचवा 2001 रु और प्रतीक चिन्ह तथा महिला में प्रथम 7001, द्वितीय 5001रु और तृतीय 3001 रु. व प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। उसके साथ ही गायक, वादन, नृत्य व झांकी में विशेष पुरस्कार व सांत्वना राशि दिया जाएगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि राजमंहत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा व अध्यक्षता एस. के. केसकर सेवानिवृत उपमहाप्रबंध भिलाई इस्पात संयंत्र रहेंगे। मड़ई मेला व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि चैतन्य बघेल व अध्यक्ष निर्मल कोसरे महापौर नगर निगम भिलाई-चरोदा रहेंगे।



## नारधी में रामायण एवं मड़ई महोत्सव 26 व 27 जनवरी को

**भिलाई।** ग्राम नारधी में दो दिवसीय विविध सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के बाद अंचल की ख्याति प्राप्त चार टीमें मानस गान प्रस्तुत करेंगी। जिसमें पावन धारा मानस मंडली छुईयां घटारानी, सीताक्षी महिला मानस परिवार सिंगदेही भखारा, भरत भाई मानस परिवार भटगांव धमतरी और जय मां सरस्वती बालिका मानस परिवार कोकड़ी नारी के द्वारा ग्राम नारधी में रामायण पाठ कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करेंगें। इस अवसर पर डॉ दुष्यंत सिन्हा, प्रेम बिहारी साहु, घनश्याम सिन्हा, बुधाराम साहु, पूर्व सरपंच यशोदा साहु, योगेन्द्र साहु, दिलेशवर साहु, तुलेश साहु, अश्वनी यादव, रोहणी सिन्हा, मुकेश यादव, गुलापा साहु, रामेश्वर सिन्हा उपस्थित रहेगें। टीमों को लगभग दो घंटे का समय दिया जायेगा। 27 जनवरी को गीत, संगीत का प्रोग्राम और मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अतिथियों द्वारा कक्षा 5वीं से 12वीं में अधिकतम अंक हासिल करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को स्व. तुलाराम सिन्हा जी की स्मृति में राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा द्वारा नगद राशि दे कर सम्मानित किया जायेगा। इस आयोजन समिति के अध्यक्ष अरविन्द पाल, मेघनाथ साहू उपाध्यक्ष,वीरेंद्र पाल कोषाध्यक्ष राजू साहू सचिव, उपेन्द्र वर्मा सह सचिव, संरक्षक रामखिलावन वर्मा, माधव सिन्हा, कामता साहू, रूपेन्द्र सिन्हा और प्रचार प्रभारी भुनेश्वर सिन्हा आयोजन की तैयारी में लगे हुए है।

- भिलाई बंगाली समाज द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर किया गया आयोजन

# फूड फेस्टिवल में चखा बंगाली व्यंजनों का स्वाद, महिलाओं ने ज्वैलरी और हैंडमेड आयटम के लगाएं स्टॉल, उमड़ी भीड़

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर, भिलाई में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ड्राइंग प्रतियोगिता और गायन स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों का सम्मान, फूड फेस्टिवल और सांस्कृतक कार्यक्रम आयोजित की गई। इस आयोजन में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। महिलाओं द्वारा बंगाली व्यंजनों, ज्वैलरी, वेस्ट से बेस्ट आयटम, जूट बैग आदि के स्टॉल सजाएं थे। जहां लोगो ने जमकर खरीददारी भी की। भिलाई बंगाली समाज बीबीएस द्वारा दिसंबर में ड्राइंग और छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 11 और 12 जनवरी को किया गया था। ड्राइंग प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं तक के करीब 900 बच्चों ने हिस्सा लिया था।



### गायन स्पर्धा के विजेता प्रतिभागी

ग्रुप ए में स्वीटी मैती प्रथम, प्रिशिता उमरे द्वितीय, आराध्या त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रही। जग्गोसेनी सान्याल, अरुंधति रॉय और पी ज्ञानवी आद्या को सांत्वना पुरस्कार। ग्रुप बी में प्रथम कार्तिका तिवारी, सौम्यजीत चक्रवर्ती द्वितीय, अक्षिता प्रसाद तीसरे स्थान पर रहे। संचली दास, शिरसाजीत संतरा और सोनाक्षी बिस्वास को स्वांतना पुरस्कार। ग्रुप सी में प्रथम आकृति दत्ता, अन्वेषा गुप्ता द्वितीय, निधि दत्ता तीसरे स्थान पर रही, अनन्या साहू को सांत्वना पुरस्कार मिला। ग्रुप डी में प्रथम निमित मटियारा, श्रुति साहा घोष द्वितीय, लवली पॉल तीसरे स्थान पर रही। अस्मिता मुखर्जी और तारा शंकर दत्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



### फूड फेस्टिवल में उमड़ी भीड़, महिलाओं में उत्साह

दो दिन तक फूड फेस्टिवल का भी लोगों ने जमकर आनंद उठाया। यहां बंगाली समाज के व्यंजनों सहित पकड़े, आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि के स्टॉल लगाए गए थे जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। इस वर्ष महिलाओं ने बड़ी संख्या में स्टॉल लगाए थे, जहां काफी भीड़ रही। वहीं लोगों द्वारा खाने पीने की सामानों की जमकर खरीदारी की गई।

### ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी




ग्रुप ए में प्रथम अंशिका मिश्रा नेहरू नगर, द्वितीय हेमांशी मानिकपुरी वैशाली नगर और अंशिका शाह मैत्री नगर तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप बी में प्रथम आरुषि यादव सिंधिया नगर दुर्ग, द्वितीय रैना दे सरकार स्मृति नगर और सियोना सेन वैशाली नगर भिलाई तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप सी में प्रथम तनीशी गुप्ता सिंधिया नगर दुर्ग, द्वितीय हर्षिता मिश्रा नेहरू नगर भिलाई और आकाक्ष शाह हाउसिंग बोर्ड भिलाई तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप डी में प्रथम नव्या जैन वैशाली नगर भिलाई, द्वितीय ए रिशिक सेक्टर 7 भिलाई और महक मस्के सिंधिया नगर दुर्ग तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा इन सभी ग्रुपों में 10-10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।



स्नेह व परिचय सम्मेलन का आयोजन

## महाराष्ट्रीयन तेली समाज का गौरवशाली इतिहास, सामाजिक एकता बढ़ाती है आगे: रिकेश

**भिलाई।** संताजी महाराज सांस्कृतिक मंडल महाराष्ट्रीयन तेली समाज के सामाजिक भवन में मकर संक्रांति उत्सव, स्नेह एवं परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्रीयन तेली समाज का एक गौरवशाली एवं समृद्धशाली इतिहास है। संता महाराज का स्थान विश्व में वंदनीय संतों की परंपरा में अग्रणी है। हम सबको एक होकर के अपने समाज को आगे ले जाने का प्रयत्न करना चाहिए। जो लोग समाज को वक्त नहीं देते हैं तभी लोग बाद में पछताते हैं। मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि जवाब समाज को अपना मनोज तो समाज आपको अपनापन देगा जो धन से खरीदा नहीं जा सकेगा। सामाजिक एकता के बिना कोई भी समाज अपनी पहचान नहीं बन सकता। उन्होंने समाज की गतिविधियों का अवलोकन भी किया। तिल के व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए व्यंजन को देख करके उन्होंने सराहा। तिल गुड़ से बनी हुई गुड़िया को देखकर प्रसन्न हुए और उसकी प्रशंसा भी की। सामाजिक भवन के निर्माण के लिए उन्होंने 20 लाख रुपए के सहयोग राशि की घोषणा की।



### स्पर्धा के विजेता सम्मानित रंगोली में शोभा प्रथम

कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम शोभा भोंगाडे द्वितीय रानू भोंगाडे रही । तिल व्यंजन प्रतियोगिता में निशा मलेवार प्रथम रही एवं कविता भोंगाडे द्वितीय रही माननीय विधायक जी ने सभी प्रतिभागियों को 1000 रुपए नगद पुरस्कार भी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि कोई भी समाज आगे तभी बढ़ता है, जब समाज के सदस्य गण अपना समय देते हैं। समाज के लिए वक्त दान करना महादान है। हम सभी को अपने जीवन में समाज के लिए समर्पित रहने का प्रण लेना चाहिए।

### संताजी महराज के भजन, सामाजिक प्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ एवं संताजी महाराज के भजन से हुआ। इस वार्षिकोत्सव में भिलाई दुर्ग चरोदा रायपुर डूंगरगढ़ राजनांदगांव से बड़ी संख्या में सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महाराष्ट्रीयन तेली समाज के पदाधिकारियों राजेंद्र डोरले, आशीष चिंधलोरे, निशा मलेवार, देवेंद्र बरई, डॉ. अजय आर्य, संजय मरगढ़े सहित सभी सामाजिक जनों ने समाज की ओर से माननीय विधायक का सहयोग के लिए धन्यवाद किया।



सम्मान समारोह

## हरीश को छालीवुड अभिनेता अनुज शर्मा ने किया सम्मानित

**भिलाई।** स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति और समता साहित्य ज्ञान रत्न अवार्ड 2025 से कराटे प्रशिक्षक और रामकथा वाचक हरीश साहू को नवाजा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ फिल्म अभिनेता, विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने हरीश साहू को सम्मानित किया। अनुज शर्मा ने कहा कि हरीश साहू समाज, दुर्ग और पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव हैं। नारी की सुरक्षा के लिए बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए कराते का प्रशिक्षण दे रहे हैं। सनातन धर्म रक्षा के लिए रामकथा भी करते हैं। उन्होंने हरीश के उज्जवल भविष्य की कामना की। हरीश की इस उपलब्धि पर समाजसेवी, पदाधिकारी, सोहन लाल साहू, अनिल साहू, रामकुमार साहू, कुणाल दास मानिकपुरी, डॉ. विश्राम साहू, संजय मैथिल सहित अन्य ने भी उन्हें बधाई दी है।



## नेहरू आर्ट गैलरी में सुरक्षा चित्रों की प्रदर्शन आज से

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा नेहरू आर्ट गैलरी, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर भिलाई में 25 से 30 जनवरी तक सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार करेंगे। सुरक्षा माह के तहत सुरक्षा थीम पर केंद्रित ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के पुरस्कृत और चयनित चित्रों के साथ सेफ्टी इक्विपमेंट की भी प्रदर्शनी गैलरी में प्रदर्शित होगी। प्रदर्शनी 30 जनवरी तक रोज शाम 5 बजे से रात 8:30 बजे तक खुली रहेगी।




सरयूपारीण ब्राह्मण समाज का आयोजन

# सामाजिक पत्रिका ब्रम्हप्रकाश के विमोचन पर हुई चर्चा, प्रतिभावान बच्चे होंगे सम्मानित

कार्नर न्यूज

## वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश

**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग की बैठक सेक्टर 2 में आयोजित की गई थी। इस दौरान समाज के प्रगति के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सामाजिक पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन और प्रतिभावान बच्चों के सम्मान समारोह के आयोजन के लिए चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन और सदस्य उपस्थित थे। समाज के उपाध्यक्ष शंकर चरण पाण्डे के निवास स्थान में आयोजित बैठक में समाज के कार्यकारणी सदस्य, स्थाई आमंत्रित सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने की।



### अप्रैल में होगा पत्रिका का विमोचन, बैठक में कई अन्य विषयों पर भी हुई चर्चा

वरिष्ठ महासचिव रामलखन मिश्रा ने कहा कि समाज को और ज्यादा मजबूत करने के लिए जोन वाइस बैठक किया जाएगा। जिसमें वर्ष 2025 की गतिविधियों की बैठक में जानकारी दी। विशेष कर 2025 में सामाजिक लोक प्रिय पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन और समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। समाज के सांस्कृतिक प्रभारी नागेन्द्र पाण्डे ने कहा कि विवाह योग्य युवक-युवतियों की जानकारी एकत्र कर समाज के महासचिव, सांस्कृतिक प्रभारी एवं जोन वाइस प्रभारी को दे, ताकि उचित समय पर पत्रिका में प्रकाशित हो सके। प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि अप्रैल माह में ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। समाज के सभी सदस्य इस पर गंभीरता पूर्वक ध्यान दें, समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि वे वर्ष 2025 के कार्यक्रम को सफल बनाने में आज से ही जुट जाएं। बैठक में डॉ अखिलेश त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, मनीष पांडे, राजेंद्र दुबे, रामबिलास मिश्रा, कैलाश पाठक, सुनील मिश्रा, सुभाषचंद्र तिवारी, प्रदीप पांडे, नागेन्द्र पाण्डे, विष्णु पाठक, शंकर चरण पाण्डे, राधा कृष्ण पांडे, एन पी मिश्रा, संजय पांडे, हरे कृष्ण पांडे, संजय मिश्रा, विजय शुक्ला उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### निगम मुख्यालय में कलेक्टर करेंगी ध्वजारोहण



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम में गणतंत्र दिवस पर निगम मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। नगर निगम के ध्वजारोहण समारोह में कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कमिश्नर सुमित अग्रवाल के अलावा अधिकारियों एवं कर्मचारियो के बीच सुबह ध्वजारोहण करेंगे। इसके लिए गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरु हो गई हैं। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों पर रोशनी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### ढाबा में चौसर प्रतियोगिता आज

**दुर्ग।** ग्राम ढाबा (भेड़सर) में स्व. तुलाराम साहू स्मृति एक दिवसीय चौसर पासा प्रतियोगिता 25 जनवरी को रात 8 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार मनीष ठाकुर की ओर से 10,001, द्वितीय लक्ष्मीनारायण मढ़रिया 7,001 व तृतीय पुरस्कार सुखदेव देवांगन की ओर से 5,001 रुपए दिए जाएंगे। मुख्य अतिथि मनीष ठाकुर, सुकदेव देवांगन, लक्ष्मी नारायण मढ़रिया, रत्नाकर उड़कुड़े होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष कमल साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र साहू ने दी।

### देशभक्ति गीतों का आयोजन आज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग एवं शहर के गायक कलाकारों द्वारा पुराना बस स्टैंड में शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति गीतों ऐ मेरे वतन के लोगों एवं मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी एवं गुलाब चौहान ने बताया कि नगर निगम दुर्ग की प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इस वर्ष भी इस परंपरा को बनाए रखने की सहमति प्रदान की है। आचार संहिता लागू होने की वजह से कार्यक्रम रात्रि 10 बजे तक चलेगा। उक्त कार्यक्रम के साथ साथ मतदाता जागरूकता अभियान हेतु भी लोगों को प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में गायिका पूर्वा श्रीवास्तव, पीयूष मनहरे, शरीक अली, गुलाब चौहान सहित अन्य गायक कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन शमसुद्दीन थारानी करेंगे।

### 26 एवं 30 को मांस-मटन बिक्री पर रोक

**दुर्ग।** नगर निगम क्षेत्र में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में कलेक्टर निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।नगर निगम ने 26 जनवरी और 30 जनवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। इन दोनों दिवसों में किसी भी दुकान में मांस.मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी।

# टिकट के इंतजार में दाखिल नहीं हो रहे फॉर्म, मेयर पद का निरंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा और कांग्रेस द्वारा प्रत्याशियों की अधिकृत सूची जारी नही किए जाने के कारण अब तक मेयर के एक भी फार्म दाखिल नही हुए है। हांलाकि पार्षदों को लेकर लोगों में जमकर उत्साह दिख रहा हैं। दोनो ही दल प्रत्याशियों के चयन को लेकर अंतिम पडाव तक नही पहुंच पाए हैं।

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत महापौर पद के लिए अब तक 3 अभ्यर्थी आवेदन ले चुके हैं। तीसरे दिन तक महापौर के लिए किसी ने नामांकन फार्म जमा नहीं किया है, वहीं पार्षद पद के लिए आज 19 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। जिसे मिलाकर जिले में अब तक विभिन्न वार्डो से पार्षद पद के लिए 22 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया जा चुका है। महापौर पद के लिए आज कांग्रेस पार्टी की रामकली यादव एवं प्रेमलता साहू ने नामांकन फार्म लिया। इसके पूर्व पहले दिन भाजपा की एक कार्यकर्ता ने नामांकन फार्म लिया था। अब तक दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में नामांकन जोर नहीं पकड़ पाया है अधिकांश वार्डों में भी पार्षद पद के लिए किसी ने नामांकन फार्म जमा नहीं किया है।

## महापौर के अब तक 3 ले चुके आवेदन, आज 19 पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल

### पार्षद पद के लिए इतने आवेदन जमा

पार्षद पद के लिए आज वार्ड1 से मनीष साहू भाजपा, वार्ड 2 लिखन साहू कांग्रेस, वार्ड 4 प्रेमी राजपूत कांग्रेस, वार्ड6 मनीष यादव कांग्रेस, वार्ड 7 सरोज यादव कांग्रेस, वार्ड 14 रामकुमारी ठाकुर कांग्रेस, वार्ड 16 डी प्रकाश निर्दलीय व खिलावन मटियारा भाजपा, वार्ड 17 श्यामा सेन कांग्रेस , वार्ड 18 निर्मला साहू कांग्रेस , वार्ड 22 कांशीराम कोसरे भाजपा, वार्ड 24 पायल पाटिल कांग्रेस, वार्ड 30 श्याम शर्मा भाजपा , वार्ड34 सुजाता साहू निर्दलीय व कमल देवांगन भाजपा, वार्ड 35 कुलेश्वर साहू भाजपा वार्ड 43 विवेक सिन्हा भाजपा, वार्ड 45 दीपक चावड़ा कांग्रेस एवं वार्ड 56 से संतोष सोनी कांग्रेस ने नामांकन दाखिल किया।

### पार्षद के लिए इन्होंने लिया नामांकन फार्म

आज पार्षद पद के लिए वार्ड 2 से चमेली साहू कांग्रेस , धनवंतीन निषाद कांग्रेस व गोविंदा देवांगन भाजपा, वार्ड 3 नरेशनिषाद आप, वार्ड 7 राजेश नायक कांग्रेस वार्ड 9 ज्ञानेश्वर ताम्रकार भाजपा , वार्ड 11 सुनीता देवांगन कांग्रेस व रितेश सोनी भाजपा , वार्ड 12 अजीत वैद्य भाजपा , वार्ड 13 जितेन्द्र तिवारी कांग्रेस , वार्ड 15 पायल नेताम कांग्रेस , वार्ड 16 संदीप पाटिल बसपा , जगेश यादव भाजपा व कौशल राजपूत आप , वार्ड 17 सुरुचि उमरे भाजपा , वार्ड 18 निर्मला साहू कांग्रेस , वार्ड 19 रंजीता पाटिल भाजपा , वार्ड 28 ममता सेन ,वार्ड 29 सविता यादव , वार्ड 30 खिलेश्वरी देवांगन , वार्ड 31 नीता जैन, वार्ड 33 विजय लक्ष्मी मिश्रा वार्ड 34 कन्या ढीमर, वार्ड 38 मनोज सिन्हा कांग्रेस, वार्ड 39 गुलाब चंद वर्मा भाजपा वार्ड 40 दानेश्वरी देशमुख कांग्रेस व सरिता चंद्राकर भाजपा वार्ड 42 शिवाकांत तिवारी कांग्रेस वार्ड 43 विवेक सिन्हा कांग्रेस, वार्ड44 मनीष कोठारी भाजपा व बसंत खिलाड़ी कांग्रेस, वार्ड 45 राजेश शर्मा कांग्रेस, वार्ड 48 महेश्वरी ठाकुर कांग्रेस, वार्ड49 लुकेश साहू भाजपा व प्रीति चंद्राकर भाजपा, वार्ड 50 रेखा बंजारे कांग्रेस, प्रतिभा झा व रेखा बाई बंधे भाजपा, वार्ड 51 खिलूराम निर्दलीय, अश्वनी साहू भाजपा व रमेश देशमुख कांग्रेस, वार्ड 52 पोषण साहू कांग्रेस व पीतांबर लाल साहू कांग्रेस वार्ड 53 अंशुल पांडेय कांग्रेस, वार्ड 55 बलबीर साहू निर्दलीय व अश्वनी निषाद कांग्रेस, वार्ड 56 पद्मुलाल साहू निर्दलीय व तोमेश साहू भाजपा वार्ड 59 दुर्गा बाई यादव निर्दलीय एवं वार्ड 60 से कुसुम सेन कोंग्रेस ने नामांकन फार्म लिया।

## चुनाव : प्रदेश तक पहुंचा भाजपा का पैनल, 21 को तय तिथि लगातार टल रही

# भाजपा में सिंगल नाम तय, लेकिन पेंच अटका, कांग्रेस में एक राय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नामांकन दाखिले के तीसरे दिन भी भाजपा और कांग्रेस ने पार्षद और मेयर प्रत्याशियों की सूची जारी नही की। माना जा रहा था कि, भाजपा जल्द ही सूची जारी कर देगी। लेकिन भाजपा में भी सिंगल नाम तय होने के बाद भी एक राय नही बन पाई हैं। जिसके चलते जिला संगठन से घोषित होने वाले पार्षदों की सूची संभागीय समिति से अनुमोदित भी हो गई हैं। लेकिन इसके बाद भी सूची प्रदेश संगठन तक भेजनी पड गई हैं। हालात यह है कि, 21 जनवरी को सूची जारी करने वाले भाजपा ने भी अभी तक पत्ता नही खोला है। इधर कांग्रेस में भी वार्ड प्रत्याशियों की सूची को लेकर घमासान की स्थिति निर्मित हो रही हैं।

हांलाकि भाजपा के मंडल चयन सूची ने तीन नामों का पैनल भेजकर जिला संगठन को तीन ही विकल्प दिए थे। जिसमें से जिला संगठन ने लगभग सिंगल नाम तय कर लिए है। सिर्फ घोषणा करना ही बाकी है, लेकिन सहमति नही बनने के कारण पार्षदों की सूची प्रदेश संगठन तक पहुंच गई है। सूत्रों ने बताया कि, 24 जनवरी को देर शाम भाजपा के आला कमान के साथ जिला संगठन की बैठक चली। इसके पहले गुरूवार को देर रात पृथ्वी पैलेस में सूची को लेकर भाजपा के चुनिंदा नेता बैठक रखी थी। खबर है कि, इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नाराजगी जताई थी। जिसके बाद दूसरे दिन प्रदेश संगठन के साथ जिला संगठन के नेता मंथन में जूटे रहे। लेकिन शुक्रवार को भी देर रात सूची जारी नही की गई। भाजपा में कुछ वार्डो को लेकर सिंगल नाम नही बन पा रहे हैं।

## प्रत्याशी सूची का इंतजार कर रहे उम्मीदवार, दोनों पार्टी ने नहीं खोला पत्ता

**खास बातें**

- नामांकन दाखिल करने सिर्फ तीन दिन शेष
- मेयर को छोड़ पार्षद बनने दिख रही जमकर रुचि
- आगामी 29 और 30 जनवरी को आवेदनों की होगी जांच




### कांग्रेस में कही चुनिंदा तो कई घमासान

कांग्रेस पार्टी में पार्षदों के लिए कई दो से तीन नाम ही आए है, वही कई वार्ड में दर्जनभर उम्मीदवारों ने आवेदन देकर चुनाव को घमासान बना दिया है। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि, करीब पचास फीसदी वार्डो में सिंगल नाम तय हो गए हैं। जबकि कई वार्ड में अधिक दावेदारी होने से नेताओं के लिए टिकट तय करना चुनौती बनी हें। इधर मेयर प्रत्याशी को लेकर भी कोई ठोस दावेदार कांग्रेस के पास नही हैं। हांलाकि पार्टी ने दावा किया है कि 25 जनवरी को सूची जारी कर देगें। इधर पार्षद सहित मेयर उम्मीदवार पूर्व विधायक अरूण वोरा के समक्ष हाजिरी लगा रहे हैं।

### अभ्यर्थियों में भी संशय, सोमवार तक उम्मीद

नामांकन दाखिला करने अंतिम तिथि 28 जनवरी तय की गई हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी नही किए जाने के कारण उम्मीदवारों के बीच संशय की स्थिति निर्मित है। हालात यह है कि, भाजपा और कांग्रेस में मेयर के लिए गिनती के ही लोगों ने फार्म लिया है, वही पार्षदों की बडी संख्या अब तक सामने आई हैं। बहरहाल अधिकृत सूची आने के बाद भी तस्वीर साफ हो पाएगी। चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने तीन दिन ही शेष है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को नामांकन दाखिल कर सकेगें।

# नगर निगम नहीं दे रहा बिजली बिल की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्कूल की जगह में कमर्सियल कांप्लेक्स तानने वाले नगरनिगम ने पिछले कई महिनों से महात्मा गांधी स्कूल के बिजली बिल की राशि का भुगतान नही किया है। जिसके कारण

- बिजली बिल 1 लाख 82 हजार का नहीं हुआ है भुगतान

बिजली कंपनी ने बकाया बिल नही पटाने के चलते कनेक्शन काट दिया है। हांलाकि दूसरे दिन शुक्रवार को बीईओ कार्यालय के अधिकारियों द्वारा भुगतान की जिम्मेदारी लेने के बाद कनेक्शन जोड दिया गया।

बिजली बिल भुगतान नही होने का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड रहा हैं। बच्चों को प्री बोर्ड एग्जाम अंधेरे में देना पडा। शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग का बिजली बिल नहीं पटाए जाने पर विद्युत कनेक्शन काटे गए थे। जानकारी अनुसार स्कूल की जमीन पर नगरनिगम द्वारा व्यापारिक कॉंप्लेक्स बनाए है। विरोध के बाद भी निगम के एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर दुकान व्यापारियों को आबंटित कर दिए गए। हांलाकि इस बीच यह प्रस्ताव था कि दुकान से आने वाले हर माह की राशि का खर्च स्कूल में खर्च किया जाएगा। लेकिन निगम इस राशि पर कुंडली मारे बैठी है। जिसके चलते स्कूल प्रबंधन की हालात पतली हो गई हैं। प्राचार्य दिनेश अग्रवाल ने बताया कि, शुक्रवार को बीईओ कार्यालय से संवाद किए जाने के बाद कनेक्शन जोड दिया गया हैं।




### सालों से बिल लंबित

स्कूल के प्राचार्य दिनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि इसके पूर्व भी कई बार बिजली बिल भुगतान करने उच्च अधिकारियों से राशि की मांग की जा चुकी है। लेकिन आज पर्यंत तक बिजली बिल के भुगतान के लिए कोई राशि प्रदान नहीं की गई है। प्राचार्य ने प्रशासक तथा जिला शिक्षा अधिकारी से निवेदन किया है कि, स्कूल के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने बिजली बिल 1,82,760 रुपए के भुगतान के लिए राशि आवंटित की जाए। लेकिन निगम प्रशासन से सुनवाई नही हो रही हैं।

### विभागीय परीक्षा स्थगित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित की जाने वाली विभागीय परीक्षा नगर पालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम उप निर्वाचन 2025 के कारणवश स्थगित की गई है। परीक्षा का आयोजन 27 जनवरी से सोमवार 3 फरवरी तक आयोजित होना था। विभागीय परीक्षा का आयोजन आम उप निर्वाचन 2025 के समाप्त होने के पश्चात किया जाएगा। जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी।

# नगर निगम में कार्यालय अधीक्षक ने राष्ट्रीय मतदान दिवस की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भारत निर्वाचन आयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार नगर निगम परिसर में राष्ट्रीय

- अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदान करने की ली शपथ

मतदाता दिवस पर निगम के अधिकारी-कर्मचारियो ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली।

बता दे कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम नगर निगम में कार्यालय अधीक्षक राज कमल बोकर ने अधिकारी और कर्मचारियों को शपथ दिलाई ।

हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रभारी कार्यपालन अधिकारी आरके जैन, गिरीश दीवान, वीपी मिश्रा, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, जितेंद्र समैया, शशि यादव, ईश्वर वर्मा, वंदना श्रीवास्तव, हेमलता वर्मा, साक्षी वर्मा, चित्रलेखा चन्द्राकर, ब्रांड एम्बेसडर विश्वनाथ पानीग्रही सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।

# नेताजी की जयंती पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

### संगीत महाविद्यालय में नेताजी को किया याद



**दुर्ग।** संगीत महाविद्यालय परिवार ने स्वतन्त्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं देशभक्ति गीत के माध्यम से उन्हें याद किया गया। प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने कहा कि नेताजी विशाल शख्सियत थे जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता की मशाल प्रज्जवलित की बल्कि देश के युवाओं में भी स्वतंत्रता के लिये जोश भर दिया। गायन विभाग के अतिथि प्राध्यापक गजेंद्र यादव ने गीत गाकर नेताजी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि दी। संगीता चौबे ने भी नेताजी के प्रति अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त छात्र छात्राओं सहित कार्यालय प्रमुख यशवंत साहू एवं धनराज भोयर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ संगीता चौबे एवं आभार प्रदर्शन सर्वजीत बाम्बेश्वर द्वारा किया गया।

### युवा संघर्ष समिति ने नेताजी की जयंती मनाई



**दुर्ग।** युवा संघर्ष समिति ने नेताजी सुभाषचंद्र की जयंती पर उन्हें याद किया। जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे ने बताया कि छात्रों को संबोधित करते हुए नेताजी ने कहा था कि केवल स्वर्ण पदक और ऊंचे ओहदे के लिए ही शिक्षा प्राप्त करना जीवन का मकसद नहीं है। छात्रों को किताबी कीड़ा नहीं बनना है, बल्कि इंसानियत के गुणों को हासिल कर पाना ही जीवन का मूल उद्देश्य होना चाहिए। सुभाष ने जो कुछ कहा उसे उन्होंने अपने जीवन में भी प्रयोग किया। इसलिए माता-पिता की अप्रसन्नता के बावजूद वे आईसीएस के पद को त्यागने में तनिक भी नहीं हिचकिचाये। अपनी पूरी ताकत के साथ वे क्रांतिकारी आन्दोलन के भंवर में कूद पड़े। कार्यक्रम में चंदू महिलांगे, करन गुप्ता, राहुल, कॉमेश, सोनू सहित अन्य शामिल हुए ।

### स्कूल कॉलेजों में सप्ताह भर होंगे कार्यक्रम

**दुर्ग।** देश के आजादी आंदोलन की गैर समझौतावादी क्रांतिकारी धारा के क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती दुर्ग जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेज, मोहल्लों में मनाया गया। इस अवसर पर सबसे पहले जिला कमेटी द्वारा शहीद चौक दुर्ग में स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही चौक में उपस्थित अन्य क्रांतिकारी



शहीद भगत सिंह, शहीद उद्यम सिंह और शहीद चंद्रशेखर आजाद की मूर्तियों पर भी माल्यार्पण किया गया। नेताजी जयंती के अवसर पर दुर्ग साइंस कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगीत महाविद्यालय में माल्यार्पण का कार्यक्रम किया गया। साथ ही सिकोला बस्ती स्कूल, रूट्स पब्लिक स्कूल भिलाई, शासकीय स्कूल गाड़ाडीह में नेताजी जयंती का कार्यक्रम किया गया। पूरे सप्ताह 23 से 30 जनवरी तक दुर्ग के विभिन्न स्कूल कॉलेज और मोहल्लों में नेताजी सुभाष जयंती का कार्यक्रम किया जाएगा।

# चंद्राकर का मृत शरीर मानवता की भलाई के लिए कॉलेज को किया दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कसारडीह,गली नंबर 5, निवासी डॉ. अवध राम चंद्राकर के मरणोपरांत उनका मृत शरीर

- प्रनाम की पहल पर चिकित्सा अध्ययन के लिए देहदान

मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन हेतु दान किया गया ।

डॉ.अवध रामचंद्राकार द्वारा अपने जीवन काल में देहदान के संकल्प लिया गया था। 99 वर्ष की अवस्था में उनकी मृत्यु के पश्चात उनके परिजनों की सहमति से प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी द्वारा



देहदान की औपचारिकता संपन्न करवाई गई। स्व. अवधराम चंद्राकार का मृत शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज को दान किया गया। देहदान के पुनीत कार्य हेतु उनके पुत्र प्रफुल्ल चंद्राकर, पवन चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, चेतन चंद्राकर, मोनू, लालू, प्रज्ञा चंद्राकर, प्रतिभा चंद्राकर, तृप्ति चंद्राकर , पार्षद प्रकाश गीते,उत्तरियां ,श्रीमती विद्या चंद्राकर, चंद्रलेखा चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, सिद्धार्थ,क्षितिज ,मानसी ,पूजा ,ज्योत्शना ,पीयूष ,मधुर ,अभिषेक, ईशा, केशव चंद्राकर इंद्रजीत चंद्राकर बृजेश चंद्राकर, नरेश चंद्राकर,भारत चंद्राकर ,हरि शंकर चंद्राकर, विश्वास चंद्राकर, भीखम साहू, श्रद्धा चंद्राकर आदि ने अपनी विशेष सहभागिता प्रदान की। देहदान के अभिनव पहल में विगत 17 वर्षो संस्था प्रणाम के द्वारा अभी तक 2108 लोगों को देहदान हेतु प्रेरित किया जा चुका है। जिसमें 228 लोगों के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में अध्ययन एवं अध्यापन कार्य के माध्यम से मानवता की भलाई के लिए समर्पित की हो चुकी है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बैंक कर्मचारियों ने ली शपथ



**दुर्ग।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरुक करने के लिए एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एसके जोशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के निर्देश पर बैंक के प्रधान कार्यालय दुर्ग में कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मतदान करने की शपथ ली।

इस अवसर पर एसके निवसरकर नोडल अधिकारी सहकार से समृद्धि, राजेन्द्र रामटेके अतिरिक्त मुख्य लेखापाल, सुश्री कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक, केके नायक अधीक्षक, एसपी वाहने, धीरेन्द्र देवांगन, एएस खान, आरके वर्मा, सत्येन्द्र वैदे, रीता सिरीन, रामकुमार पटेल, आरके मोहनमाला, लक्ष्मण साहू सहित बैंक मुख्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बोरसी में 3 दिवसीय संत समागम ज्ञान यज्ञ का आयोजन 26 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सद्गुरु कबीर सत्संग समिति, कबीरपंथी समाज एवं समस्त वार्डवासी 50, 51 व 52 बोरसी, दुर्ग (छ. ग.) के संयुक्त तत्वाधान में त्रि दिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम ज्ञान यज्ञ का 33 वां वर्ष आयोजन दिनांक 24, 25 व 26 जनवरी 2025 को बजरंग चौक वार्ड क्र.-52 बोरसी दुर्ग (छ. ग.) में किया जा रहा है। प्रथम दिवस श्री प्रेमदास शास्त्री साहेब द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवम् प्रवचन कार्यक्रम के माध्यम से शुरू हुआ। इस अवसर पर आयोजक समिति के अध्यक्ष भूषण दास साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू एवं ललेश्वरी साहू अध्यक्ष जीविका स्व सहायता समूह बोरसी ने पदाधिकारीयों सहित साहेब का खुमरी पहनाकर स्वागत किया। स्वागत के दौरान साहेब ने आशीष वचन देते हुये मंगल कामना की तथा अपने महंत

- साहेब का खुमरी पहनाकर किया स्वागत



के पदभार ग्रहण करते समय ताज को याद करते हुये कहा कि, उस ताज के पश्चात आज छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुसार खुमरी का ताज मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगा। यह प्रथम अवसर है जिसमें पारम्परिक रूप से खुमरी के माध्यम से स्वागत किया गया है। खुमरी की खासियत बताते हुये जीविका समूह के अध्यक्ष साहू ने बताया कि, खुमरी को आयोजक समिति के आग्रह पर हमर हटरी परिवार बोरसी के द्वारा बनाया गया है। जिसे धान से बने इको फ्रेंडली बैच एवं संत श्री सद्गुरु कबीर साहेब के श्री चित्रों से सजाया गया है। यह जानकारी आयोजक समिति के सहसचिव शिक्षक रूपेंद्र साहू ने दी।

## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल कोहका में

**भिलाई।** हज़रत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमततुल्लाह अलैह के जन्मदिन एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर रखा गया है। सिटी हेल्थ केयर मेडिकल, फलकनुमा मस्जिद के बाजु जुनवानी रोड कोहका में गणतंत्र दिवस पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक फिजिशियन डॉक्टर एम. एस. अहमद (एमडी) सभी आगंतुकों की नि:शुल्क जाँच करेंगे। मोहम्मद सादिक ताजी ने इस अवसर का लाभ उठाने की अपील शहर वासियो से की है।

### सूने मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सेवानिवृत्त कर्मी के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात समेत नगदी लेकर फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि आईरिस ग्रीन वैली निवासी सहाब दयाल अरोरा 62 वर्ष सेवानिवृत्त कर्मी है। अपने बेटे के घर मुंबई परिवार समेत गए थे। 20 जनवरी को उनके मोबाइल पर कॉल कर पडोसी ने मकान का ताला टूटने की जानकारी दी। तुरंत मुंबई से पीड़ित घर लौट गए। मकान में कितने का सामान पार हुआ है। इसका आंकलन किया जा रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश में सीसी कैमरा खंगाल रही है।

### पुलिस कर्मियों ने किया ड्रोन पायलट कोर्स पूरा

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस के एसआई डॉ संकल्प राय व आरक्षक प्रशांत कुमार शुक्ला ने ड्रोन पायलट कोर्स पूरा कर लिया है। शुक्रवार को दोनों पुलिस कर्मी आईजी राम गोपाल गर्ग से मुलाकात किया। मौके पर दुर्ग रेंज आईजी गर्ग उपनिरीक्षक डॉ. संकल्प राय और आरक्षक प्रशांत कुमार शुक्ला को बधाई दी। दोनों ने डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) द्वारा अनुमोदित ड्रोन पायलट कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह दोनों छत्तीसगढ़ पुलिस के पहले डीजीसीए-प्रमाणित ड्रोन पायलट हैं। आईजी दुर्ग रामगोपाल गर्ग ने दोनों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, इस नई तकनीकी कौशल से पुलिस बल की कार्यक्षमता और भी अधिक प्रभावी होगी। भविष्य में ऐसी तकनीकें पुलिसिंग को न केवल उन्नत करेंगी, बल्कि जनता की सुरक्षा में भी एक नया अध्याय जोड़ेंगी। ड्रोन पायलट्स की यह नई दक्षता पुलिस के विभन्नि कार्यों में सहायक होगी। आईजी गर्ग ने कहा कि यातायात व्यवस्था और निगरानी,कानून व्यवस्था बनाए रखने,अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, बचाव अभियान, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा, रात्रि गश्त, थर्मल सेंसर डिटेक्शन, जिससे चाकू, छुरी, आयुध आदि लेकर चलने वाले व्यक्तियों की पहचान करने में ड्रोन पायलटों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### बार-राड मिल में सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, मिले पुरस्कार

**भिलाई।** बीएसपी के बार एवं राड मिल द्वारा घर से घर तक कार्यक्रम के तहत विभाग ने सुरक्षा पर संवाद के लिए 100 ठेका श्रमिकों को उनके परिवार के सदस्यों के साथ मानव संसाधन विकास केंद्र में आमंत्रित किया। मुख्य अतिथि सीजीएम योगेश शास्त्री ने कर्मियों की सुरक्षा सहभागिता की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सभी ठेका श्रमिकों को कवर किए जाने तक ऐसे और सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# 86 कार्यों के लिए वैशाली नगर विधानसभा को 325 करोड़ की सौगात

## डिप्टी सीएम अरूण साव ने विधायक रिकेश के प्रस्ताव पर लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरूण साव ने विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में अलग अलग 86 कार्यों की स्वीकृति देते हुए 325 करोड़ रूपये की सौगात दी है।

बिहार के समस्तीपुर में मौजूद विधायक रिकेश सेन को मंत्री अरूण साव ने फोन पर यह जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र वैशाली नगर के समग्र विकास के प्रति शासन एवं आपकी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा आपके विधानसभा क्षेत्र



में स्थित नगरीय निकायों को विभिन्न मद एवं योजना अंतर्गत जनहित के विकास कार्यों के लिए यह स्वीकृति दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों को अपने मार्गदर्शन में शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने विधायक रिकेश सेन को निर्देशित भी किया है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा वैशाली नगर विधानसभा को दी गई 325 करोड़ की सौगात के लिए विधायक रिकेश सेन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि स्वीकृत इस राशि से 86 महत्वपूर्ण कार्य होंगे।

उन्होंने कार्य आबंटन की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा उनके प्रस्ताव पर अधोसंरचना मद से 42 कार्यों के लिए 8 करोड़ 19 लाख, 15वें वित्त मद से 43 कार्यों के लिए 4 करोड़ 30 लाख और अमृत मिशन मद से 274.15 करोड़ के कार्य की स्वीकृति से वैशाली नगर में विकास की गंगा बहाने एक बड़ा रास्ता खुला है, इससे जन उपयोगी चिन्हित आवश्यक 86 अहम कार्य होंगे।

## बीएमएस के इस आयोजन में जुटेंगे बीएसपी कर्मचारी

# कर्मचारियों के फ्लडलाइट्स क्रिकेट मैच की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

शुक्रवार को भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन की आवश्यक बैठक संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू की अध्यक्षता में भिलाई इस्पात मज़दूर संघ कार्यालय सेक्टर 6 में सम्पन्न हुई। 27 जनवरी से शुरू होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा हुई। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन द्वारा आयोजित क्रिकेट ट्राफ़ी 2025 बीएसपी के कर्मचारियों के मनोरंजन व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने एवं मानसिक तनाव दूर करने के लिए बीएमएस यूनियन के द्वारा टेनिस बॉल क्रिकेट फ़्लडलाइट्स टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

अंतर विभागीय फ़्लडलाइट्स टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 27 जनवरी से 2 फरवरी 2025 तक सेक्टर-1 क्रिकेट स्टेडियम में प्लड लाइट्स टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतिदिन दोपहर 2.15 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कुल 25 टीमों ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट में एंट्री लिए है। बीएमएस की तरफ से एक क्रिकेट किट बैग निःशुल्क दिया जाएगा। साथ ही भाग लेने वाली सभी टीमों को इस टूर्नामेंट में ड्रेस कोड में खेलना अनिवार्य किया गया है। ये टूर्नामेंट केवल बीएसपी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए लीग मैच क्रिकेट टूर्नामेंट है सभी कर्मचारी इस होने वाले टूर्नामेंट में बढ़चढ़कर 25 टीमों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए भिलाई इस्पात मज़दूर संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। प्रतिदिन मैच दोपहर 2.15 बजे से रात्रि 10 बजे तक खेले

**इस टूर्नामेंट 25 टीमों के बीच होगा मुकाबला**



जायेगें। प्रत्येक मैच 10 ओवर का होगा। फाइनल मैच 12 ओवर के होंगे। प्रत्येक मैच में 3 ओवर पावर प्ले होगा। मैच में अम्पायरिंग राष्ट्रीय स्तर के अम्पायरों के द्वारा किया जायेगा। अम्पायर का फ़ैसला अंतिम होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 25 टीमों को इन सभी नियमों का पालन करना होगा।

भिलाई इस्पात क्रिकेट ट्रॉफ़ी 2025 प्रथम पुरस्कार 25 हजार विनर कप, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार- रनर कप, तृतीय पुरस्कार 8 हजार कप एवं अन्य आकर्षण पुरस्कार मैनऑफ द सीरीज़ बेस्ट बेस्टसमेन,बेस्ट बॉलर,बेस्ट विकेटकीपर ,बेस्ट फ़िल्डर,बेस्ट कैच,प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच एवं दर्शकों के लिए भी पुरस्कार बेस्ट दर्शक पुरस्कार एवं अन्य कई आकर्षक पुरस्कार कमेटी द्वारा दिए जायेंगे ।यह जानकारी भिलाई इस्पात मज़दूर संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू के द्वारा दिया गया। इस होने वाले टूर्नामेंट के आयोजन कमेटी संयोजक वशिष्ठ वर्मा,अध्यक्ष गौरव कुमार,सचिव वीरेंद्र वरिष्ठ ,भानु प्रताप साहू,संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन, आईपी मिश्रा, डिल्ली राव , जोगिंदर कुमार ,जगजीत सिंह, प्रदीप कुमार पाल, सुधीर गडेवाल,ए. वेंकट रमैया, गंगा राम चौबे, पूरन लाल साहू, संजय कुमार साकुरे, अनिल गजभिये,भूपेन्द्र बंजारे ,राजनारायन सिंह,नागराजू, भागीरथी चन्द्राकर, सुबोधित सरदार, राजीव सिंह, विवेक सिंह, संदीप कुमार पाण्डेय, अखिलेश उपाध्याय, राकेश उपाध्याय,आर के सोनी, राजेंद्र सिंह ठाकुर, नवनीत हरदेल, जॉन आर्थर, रवि चौधरी, प्रकाश सोनी, अनिल शुक्ला, अनिल बिसेन, कृष्ण मूर्ति, ईश्वर साहू,भानु साहू,मिर्ज़ा, अशोक कुमार, मुकेश सिंह, श्रवण कुमार,गौतम कुमार दुबे,वेंकट येरा,अम्पायरिंग बिबास सिन्हा, अनिल सिंह,राजेश बघेल एवं उनकी टीम द्वारा किया जायेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव कुमार एवं सचिव वीरेंद्र से संपर्क करें ।

## मोहन नगर थाना क्षेत्र की है घटना

# ई-रिक्शा चालकों ने चेन लूटी खरीदार समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी समेत खरीदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 398 बैंक कालोनी बचेली दंतेवाडा निवासी संतोष कुमार का एम्स अस्पताल रायपुर में हिप्स का आपरेशन हुआ है। प्रतिमाह चेकअप कराने आता है। 20 जनवरी को अपने दोस्त दिनेश यादव से मिलने हुडको भिलाई पहुंचा था। रात में होटल सूर्या दुर्ग में रूका था। दूसरे दिन सुबह होटल से चेक आउट कर दूसरे होटल जाने के लिए रोड में आया। जहां ई रिक्शा में सवार दो युवक पुछताछ करने पर उनसे सस्ता होटल के बारे में पीड़ित ने जानकारी ली। दोनों युवकों ने ई रिक्शा में सवार कर पीड़ित को होटल दिखाया लेकिन पसंद नहीं आया। तो युवकों से पीड़ित वापस सूर्या होटल ड्राप करने बोला गया। तब उसे ई रिक्सा के चालक द्वारा कृषि उपज मंडी मे भीतर लेकर जा रहे थे, संदेह होने पर पीड़ित रिक्शा से कूद गया। ई रिक्शा के चालक ने वाहन पीड़ित पर चढ़ाने का डर दिखाकर गले का सोने का चेन 3 4 तोला लूट लिया। जिसकी कीमत दो लाख रूपये और वाहन को धीरे कर ट्राली बैग कपडे थे। उसे भी झपट्टा मारकर लुट कर दोनों आरोपी युवक फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरु किया। मोहन नगर निरीक्षक शिव चंद्रा के नेतृत्व में टीम बनाकर आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। पुलिस ने दबिश देकर ब्लाक नंबर 53 बाम्बे आवास उरला वार्ड नंबर 58 दुर्ग निवासी रेशम सरदार व उरला हिरामन गोड उर्फ बाटू देवार को पकडा गया। आरोपी रेशम सरदार, बाडू देवार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने लुट की सोने की चैन को राम नगर सिकोला भाठा वार्ड नंबर 14 दुर्ग निवासी बलजीत सिंह के पास बेचना स्वीकार किया। आरोपी रेशम सरदार, बाडू देवार की निशादेही पर सोने की चैन को जप्त किया गया। पत्रकारवार्ता में क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक समेत पुलिस अफसर मौजूद थे।




## एसीसीयू व उतई पुलिस को मिली सफलता

# मासूम से अनाचर करने वाला गोंदिया से पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

छह साल के मासूम के साथ अनाचार कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकड़ने में त्रिनयन ऐप का बड़ा योगदान रहा है। आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 87, 65(2), 351 (3) बीएनएस 2023 एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा ने बताया कि घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए त्रिनयन एप की मदद लेकर 160 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया। उसके बाद आरोपी वार्ड नं 4 बडेपारा डूमरडीह निवासी अमरदास खुटेल ने 18 जनवरी को मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया था। बच्ची को बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर गया।



- आरोपी को पकड़ने के लिए त्रिनयन ऐप का बड़ा योगदान
- 160 सीसीटीवी कैमरों का फुटेज पुलिस ने किया चेक

उसके बाद उसके साथ अनाचार किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। त्रिनयन की मदद से पुलिस अआरोपी तक पहुंच गई और गोंदिया रेलवे स्टेशन से पकड़कर भिलाई लाया गया। कार्रवाई में एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट, उतई पुलिस की टीम को सफलता में बडा योगदान रहा है।

## बुलेट के ठोकर से आरक्षक की हुई थी मौत

# तीन साल से फरार वाहन चालक को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आरक्षक को ठोकर मारने वाले तीन साल से फरार चल रहे चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 304(अ) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वर्ष 6 अक्टूबर 2021 की रात एसबीआई चौक सेक्टर-1 के सामने सेंट्रल एवेन्यू रोड सेक्टर 3 भिलाई में आरक्षक राधेश्याम सिन्हा बाइक सीजी 07 एबी 2862 को आरोपी चालक बुलेट सीजी 04 एमपी 7439 ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते मुर्गा चौक की तरफ से बुलेट चलाते हुए आरक्षक राधेश्याम सिन्हा को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में आरक्षक की मौत हो गई थी। घटना भठ्ठी पुलिस थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने चालक के वाहन को जब्त किया है। घटना के बाद से आरोपी चालक 9 -104, सूर्या नगर, रइक बैंक के पीछे, पपैयाराजूपलंम पेण्डुरथी जिला विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश निवासी मोगी श्रीनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली की आरोपी चालक जगह बदलकर रह रहा था। जब महासमुंद में रहने की खबर मिलने पर दबिश देकर पकड़ा गया।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग.**

**आम सूचना**

विषयः- सीमांकन के संबंध में आम सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार बोरी के आदेश क्रमांक Q दिनांक 20/12/24 के परिपालन में ग्राम पुरदा पटवारी हल्का नं. 07 स्थित भूमि खसरा नं. 1004/1 रकबा 0.12 हे के भूमिस्वामी शंकरलाल साहू आ. टोपसिंह निवासी पुरदा की भूमि का सीमांकन दिनांक 29/1/25 को 12 बजे किया जावेगा। आवेदित भूमि ख.नं. 1004/1 के उत्तर में रास्ता दक्षिण में नीलेश जैन (1005) पूर्व में जयचंद जैन (1012) पश्चिम में नीलेश जैन (1004/4) है। किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हों तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज, नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक 23/1/25

हस्ताक्षर
राजस्व निरीक्षक बोरीबजुर्ग

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में**
**मामला क्रमांकः 202501104500075**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

विषयः- अ-21 (1) सनः-2024-2025
घुघवा (पह न. 00004),
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - सीताबाई,
अनावेदक पक्षकार - सनद कुमार सोनकर,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम घुघवा प.ह.नं. 4 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सीता बाई पति जवाहर लाल जाति गोंड निवासी ग्राम काठाडीह तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम घुघवा प.ह.नं. 4 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदिका के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 155/2 रकबा 0.57 हे. को ग्राम खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 157/1 का टुकड़ा 0.49 हे. को क्रय कर कृषि कार्य एवं निवास हेतु मकान निर्माण कर अपने व अपने परिवार सहित निवास करना चाहने व गांव में निवासरत आदिवासी परिवार सक्षम न होने के कारण गैर आदिवासी अनावेदक सनद कुमार सोनकर पिता जग्गू राम सोनकर निवासी ग्राम जागृति, स्कूल के पास. सोनकर पारा, तहसील व जिला रायपुर को विक्रय किये जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति सहित कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन उनके पृ.क्रमांक 19 दुर्ग दिनांक 10.01.2025 के अनुसार जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्रेषित आवेदन अ.वि.अ. महोदय पाटन के ज्ञापन क्रमांक 113 पाटन, दिनांक 22.01.2025 के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 25-02-2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/01/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील पाटन

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में**
**मामला क्रमांकः 202501104500076**
मामले की श्रेणीः- राजस्व

विषयः- अ-21 (1) सनः-2024-2025
घुघवा (पह न. 00004),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार सीता बाई, कृष्णा बाई, नागेश्वर प्रसाद नेताम, अनावेदक पक्षकार - सनद कुमार सोनकर,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम घुघवा प.ह.नं. 4 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिकागण सीता बाई पति जवाहर लाल जाति गोंड अन्य 02 निवासी ग्राम काठाडीह तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम घुघवा प.ह.नं. 4 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदिकागण सीता बाई पति जवाहर लाल, कृष्णा बाई, नागेश्वर प्रसाद नेताम पिता जवाहर लाल के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 154/3 रकबा 0.20 हे. को ग्राम कन्हैया तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 366 का टुकड़ा 0.48 हे. को क्रय कर कृषि कार्य एवं निवास हेतु मकान निर्माण कर अपने व अपने परिवार सहित निवास करना चाहने व गांव में निवासरत आदिवासी परिवार सक्षम न होने के कारण गैर आदिवासी अनावेदक सनद कुमार सोनकर पिता जग्गू राम सोनकर निवासी ग्राम जागृति, स्कूल के पास, सोनकर पारा, तहसील व जिला रायपुर को विक्रय किये जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति सहित कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन उनके पृ. क्रमांक 18 दुर्ग दिनांक 10.01.2025 के अनुसार जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्रेषित आवेदन अ.वि.अ. महोदय पाटन के ज्ञापन क्रमांक 113 पाटन, दिनांक 22.01.2025 के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 25-02-2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/01/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील पाटन

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं परगट सिंह पिता श्री नरेन्द्र सिंह निवासी-हाउस नं. 1001, वार्ड 07, कृपाल नगर, कोहका, सुपेला, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490023, यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम परगट सिंह उप्पल रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम परगट सिंह उप्पल पिता श्री नरेन्द्र सिंह से ही जाना पहचाना जावे।

**परगट सिंह उप्पल**
पिता श्री नरेन्द्र सिंह
निवासी-हाउस नं. 1001,
वार्ड 07, कृपाल नगर, कोहका,
सुपेला, भिलाई, दुर्ग,
छत्तीसगढ़ 490023

---

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202501102700006 /
अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक उदेशराम साहू पिता भोंदूराम निवासी नयापारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पुरदा, प.ह.नं. 07, तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नं. 95, 2277/2 रकबा कमशः 0.06, 0.80 हे. जोकि आवेदक दिनेश कुमार साहू पिता भोंदूराम व अन्य 6 के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुसतिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 28.01.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) तसीलदार
बोरी

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
रा.प्र.कं.....अ/6 2024-25

**उद्घोषणा**

e-202501101200043 एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका भुपेन्द्र कुमार दिल्लीवार पिता सेवकराम निवासी चिंगरी मौजा अछोटी प.ह.नं. 31 रा.नि.मंडल अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 304, 307. रकबा 0.1700, 0.1300 हे. सेवकराम दिल्लीवार के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 14-6-2022 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा / आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/02/2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/01/25
पेशी दिनांक 10/02/2025

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
रा.प्र.कं.....अ/6 2024-25

**उद्घोषणा**

e-202501101200035 एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुपेन्द्र कुमार दिल्लीवार पिता स्व. सेवकराम निवासी अछोटी मौजा अछोटी प.ह.नं. 31 रा.नि.मंडल अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 1158 रकबा 0.13 हे. सेवकराम दिल्लीवार के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 14-6-2022 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा / आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/02/2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/01/25
पेशी दिनांक 10/02/2025

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 04 (छ.ग.)**
**मामला क्रमांक-202501104100031/ अ-74/2024-25**

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक तोरन लाल साहू पिता पूरन साहू निवासी दमोदा तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम दमोदा प.ह.नं. 01 स्थित खसरा नंबर 417/1 रकबा 0.9000 हे. भूमि आवेदक एवं अन्य खातेदारों के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि की वर्तमान ऑनलाईन राजस्व नक्शा में हुई त्रुटि सुधार कर ऑफलाइन पटवारी नक्शा अनुसार सुधार किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 12-02-25 तक स्वंय अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 23/1/25 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)




### चीन व अमेरिका जैसे प्रतिस्पर्धियों का सामना करने बढ़ानी होगी स्टील खपत

# सेल को ग्लोबल इंडस्ट्री बनने करना होगा चौतरफा चुनौतियों का मुकाबला

विमल शंकर झा ▶▶ भिलाई

भारत की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड सेल विश्व बाजार में फौलादी मजबूती हासिल करने के लिए जोरआजमाईश कर रही है। दुनिया की सबसे लंबी रेल से लेकर उपग्रहों, पनडुब्बी और भव्य कुंभ तक महती इस्पाती योगदान देने वाली इस कंपनी को ग्लोबल इंडस्ट्री के रुप में फौलादी मजबूती हासिल करने के लिए कई चुनौतियों से जूझना पड़ेगा। मजबूत इरादों से अवसरों को चुनौतियों में बदलने से ही कामयाबी मिलेगी।

हिंदुस्तान स्टील कंपनी से लेकर स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि. तक 5 दशक से अधिक की विकास यात्रा में सेल ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्पादन से लेकर फौलाद ढालने वाले हजारों कर्मवीरों व लाखों परिवार की सामाजिक सुरक्षा के साथ देश की बैकबोन के रुप में अहम योगदान दिया है। देश के अलावा वैश्विक मंच पर भी पहचान बनाई है। लेकिन आगे मौजूदा दौर में सेल के सामने कई चुनौतियां मुंह बाए घनीभूत हो रही हैं। चीन, अमेरिका, जापान, रुस आदि बड़े कई प्रतिस्पर्धियों के वर्चस्व, मेनपावर,उत्पादन, एंडवांस्ड तकनीक, लागत, बीएसपी जैसे बड़े यूनिटों का लंबित एक्सपांशन प्रोजेक्ट,प्रदूषण से निपटने ग्रीन स्टील, प्रतिस्पर्धी गुणवत्ता, ग्लोबल मार्केटिंग सिस्टम, प्रॉफिट, जाब सटिस्फेक्शन, पर्याप्त मिनरल व कच्चे माल की पर्याप्तता,वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा, स्किल्ड ठेका मजदूर,सरकार की बदलती पालिसी में वर्चस्वता, विनिवेशीकरण या निजीकरण की आंधी, फिजूलखर्ची व बढ़ते कदाचार के सफेद हाथी की छवि बदलने आदि कई चुनौतियों का सामना सेल को करना होगा। मुकाबले के लिए सेल को चौतरफा आमूलचूल परिवर्तन की दरकार है। सेल का उत्पादन लक्ष्य 31 मिलिटन टन हासिल करना है, लेकिन अब तक पिछले प्रोजेक्ट की तरह सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी का एक्सपांशन प्रोजेक्ट 3 साल विलंब से चल रहा है। रावघाट प्रोजेक्ट में अब तक रेलवे ट्रैक पूर्ण नहीं हुआ है। काम छह माह से बंद है। फिर पर्याप्त कच्चा माल कहां से आएगा। इसी तरह कोक पर आत्मनिर्भर होना होगा। देश के कोयले की गुणवत्ता कम होने से अभी 80 प्रतिशत महंगा आस्ट्रेलियन को मिलाकर कर प्लांट का संचालन करना पड़ता है। कोक सहित कच्चे माल की लागत यानी स्टील उत्पादन की लागत चीन, अमेरिका व रसिया से अधिक है। वहीं कार्बन प्रदूषण कम करने ग्रीन स्टील के लक्ष्य को प्राप्त करने सेल को अपनी मुहिम तेज करना होगा।

#### गुणवत्ता, लागत नियंत्रण और मेन पावर पर हो फोकस



#### मेन पावर, स्किल्ड मजदूर व ग्राहक संतुष्टि

सरकार के विनिवेशीकरण के घनीभूत दौर में मेन पावर तेजी से निरंतर कम हो रहा है। ठेका मजदूर बढ़ रहे हैं। सेल में नियमित में अनुभवी इंजीनियर व टेक्निशयन रिटायर हो रहे हैं और मजदूर अनस्किल्ड हैं। बीएसपी सहित सेल की निर्भरतता मजदूरों पर बढ़ रही है लेकिन इन्हें जमीनी स्तर पर ट्रेंड नहीं किया जा रहा है और न ही वेतन व सामाजिक सुरक्षा पर सरकार व प्रबंधन पर ध्यान दिया जा रहा है। अन्य महारत्नों से सेल में वेतन व सुविधाएं कम होने से जांब संतुष्टि कम है पलायन हो रहा, मनोबल से ही बदलाव की जरुरत है। फिर सेल से कई गुना अधिक बड़े चीन, अमेरिका, रसिया, यूक्रेन व जापान आदि बड़े स्टील उत्पादक प्रतिस्पर्धी देशों के प्लांट एडवांस्ड तकनालाजी, लागत नियंत्रण, गुणवत्ता,दर,आदि मामलों में सेल से बहुत आगे हैं। सेल की प्रति व्यक्ति स्टील खपत भी इनके मुकाबले काफी कम है। चीन फिर बाजार में सस्ते में स्टील बेच रहा, एंटी डंपिंग चार्ज से आगे का स्थाई विकल्प ढूंढ़ने के साथ इन सभी बिंदुओं पर ध्यान जरुरी है।

#### पालिसी व औद्योगिक संबंध हों अनुकूल

सेल को ग्लोबल इंडस्ट्री का मुकाम हासिल करने के लिए सरकार की पालिसी और बेहतर औद्योगिक संबंध व शांति की दरकार होगी। यूनियनों और अधिकारी संगठनों के मुताबिक औद्योगिक विकास के लिए सरकार व प्रबंधन कर्मियों का हौसला बढ़ाकर ही उत्पादन व निष्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन आर्थिक उदारीकरण के बाद अब विनिवेशीकरण व उद्योगों के निजीकरण व लेबर कोड आदि बदलाव से कर्मचारी संगठनों में असंतोष से औद्योगिक संबंध व शांति पर असर पड़ेगा। मसलन 7 साल से वेतन समझौता अपूर्ण है, हड़तालें हो रही हैं। सेल को मजबूत वैश्विक उद्योग बनने के लिए हर मामले में जमीनी स्तर हर किसी की जिदंगी से जुड़ना जरुरी है।

## सुदेश भोसले ने सुरीले गीतों से किया विभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में सेल स्थापना दिवस समारोह पर प्राचीन भारत टूरिज्म द्वारा एक ग्रैंड लेजर शो और पार्श्व गायक सुदेश भोसले की संगीत संध्या का आयोजन शाम को रॉयल क्रिस्टल गार्डन, भिलाई क्लब में किया गया।संगीतमय प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध किया।

■ भिलाई क्लब में लेजर शो का उठाया लुत्फ

निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता पत्नी व भिलाई महिला समाज अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता के साथ, सभी कार्यपालक निदेशक व संगीतप्रेमी उपस्थित थे।

लेजर शो मेंतकनीक और इतिहास के साथ ऑडियो-विजुअल प्रदर्शन में बीएसपी की विरासत को प्रदर्शित किया। प्राचीन भारत टूरिज्म टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने इतिहास, मल्टीमीडिया और अ त या धु नि क टेक्नोलॉजी के संयोजन से बीएसपी के स्थापना क यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य के दृष्टिकोण का एक अनूठा संगम प्रस्तुत किया। सुदेश भोसले ने हिंदी, मराठी गीतों व मिमिक्री की प्रस्तुति दी। साथ गायिका प्रिया चौहान और मदन शुक्ला ने दिया कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया।




### खबर संक्षेप

#### नि:शुल्क कैंसर जाँच और परामर्श शिविर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एवं बालको मेडिकल सेंटर, नवा रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क कैंसर जाँच एवं परामर्ष शिविर क्लब हाउस, बी ब्लॉक, तालपुरी ट्विनसिटी इंटरनेषनल कॉलोनी में हुआ। शिविर में कैंसर रोग विषेषज्ञ डां. अजीत अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डां. विनीता द्विवेदी, महाप्रबंधक (सीएसआर) शिववराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े तथा मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे। इस एकदिवसीय षिविर में थर्मल स्क्रीनिंग, पेप टेस्ट (स्त्री कैंसर रोग संबंधी परीक्षण), मैमोग्राफी टेस्ट, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रष साइटोलॉजी) आदि तकनीकों द्वारा कैंसर की प्रारंभिक जांच की गई। सीएमओ डां. विनीता द्विवेदी ने किया।

#### केन्द्रीय विद्यालय में शिविर



**भिलाई।** केन्द्रीय विद्यालय, दुर्ग में बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर में डां. एम सरस्वती, फार्मासिस्ट सुसन जैकब प्रभा सैमुअल एवं शंभू दयाल उपस्थित थे। 128 लोगों की सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई जिसमें 19 पुरुष, 24 महिलाएं एवं 85 बच्चे शामिल थे।

#### कर्मियों को सुरक्षा के लिए किया जागरुक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल व आरटीएस विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह लांग रेल परिसर में कार्यपालक निदेशग राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।सुरक्षा स्टॉल, पोस्टर, सुरक्षा से संबंधित गीत, कविता तथा नाटक का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएसए टी दस्तीदार, महाप्रबंधक जे तुलसीदासन तथा महाप्रबंधक आरके राजधर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने सुरक्षा स्टॉल तथा पोस्टरों का अवलोकन किया। कहा कि सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है । सभी कर्मचारी सजग रहें, जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें।

## सेल के लिए उत्साह से दौड़ा शहर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल स्थापना दिवस पर शुक्रवार को जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया गया। जो जयंती स्टेडियम से शुरु होकर टीए बिल्डिंग, पोस्ट ऑफिस, मिराज सिनेमा, चोपड़ा पेट्रोल पम्प होते हुए वापस जयंती स्टेडियम में समाप्त हुआ। सेल कर्मचारी एवं उनके परिजनों तथा शिक्षण संस्थाओं के बच्चों सहित 2 हजार लोग शामिल हुए। रन फॉर सेल को बीएसपी के ईडी अंजनी कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यपालक निदेशक डां. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बी के गिरी, व अरुण कुमार, सीजीएम संदीप माथुर, जीएम विजय शर्मा और ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे । डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष 'रन फॉर सेल मैराथन' में भाग लेना वास्तव में अपने आप में एक रिकॉर्ड है और हम सभी के लिए बहुत गर्व का दिन है। प्रतियोगिता में पुरुष समूह के विजेता में बेस्ट क्लॉकिंग टाइम आशुतोष कुमार बिंद महिला समूह के विजेता में आकांक्षा को बेस्ट क्लॉकिंग टाइम कक्षा छठी तक के बालक ऋषभ सोनवानी तथा कक्षा छह तक की बालिका वर्ग में उर्बी सोनाए में अपनी जगह बनाई है। सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक धावक और धाविका को 5000 रूपये नगद पुरस्कार तथा सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले 6वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्रा को 3000 रूपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

■ पैदल चाल व दौड़ में आशुतोष कुमार बिंद और आकांक्षा विजेता

#### यह रहे विजेता

कक्षा छठी तक के बालक ऋषभ,वेदांत तथा सिप्दिप कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।बालिका वर्ग में उर्बी, साक्षी एवं कोहिनूर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 वीं से 12 वीं बालक वर्ग में आलोक, आलोक यादव एवं वाई उमेश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में आकांक्षा, प्रगति एवं आशा को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला । 12 वीं से 45 वर्ष के बालक-पुरुष वर्ग में शुभम, राजेंद्र व रूपेश क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।महिला वर्ग में हिना, सरस्वती एवं चंचल को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार मिला। 46 से 60 वर्ष के बीच के पुरुष वर्ग बीआर नेताम, एस एस मार्को एवं निरंजन साहू प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। 46 से 60 वर्ष के बीच की महिला वर्ग कुलेश्वरी , सुरेखा एवं बेन क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। पूर्व कर्मचारी पुरुष वर्ग में देवधर राम , तरन लाल एवं भीखू राम को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला।पूर्व कर्मचारी महिला वर्ग में हेमांगी, कृष्णा एवं पुष्पा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

### भविष्य निधि कार्यालय भिलाई में खुलेः बीएमएस

**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने भिलाई में भविष्य निधि कार्यालय खोले जाने की मांग की है। सांसद विजय बघेल ने प्रयास करने का आश्वासन दिया है। कार्यालय के खुल जाने से कर्मचारियों को सुविधा होगी। यूनियन के महामंत्री एचएस चतुर्वेदी, शारदा गुपता व विनोद उपाध्याय ने सांसद को बताया कि औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में लाखों की संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं और उनका भविष्य निधि का पैसा भविष्य निधि कार्यालय रायपुर में जमा होता है। बीएसपी कर्मियों को भी अपने पेंशन के लिए भविष्य निधि कार्यालय रायपुर में जाते हैं भविष्य निधि कार्यालय दुर्ग जिले में न होने से यहां के श्रमिकों को अपने भविष्य निधि के खाते के संचालन एवं पेंशन के लिए बहुत परेशानी उठाना पड़ता है। रायपुर भविष्य निधि कार्यालय जाने के लिए उन्हें छुट्टी लेना पड़ता है।




## नगर पालिका परिषद जामुल में पीआईसी की हुई बैठक



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में पीआईसी की बैठक का आयोजन किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित पीआईसी की बैठक में लगभग दो करोड़ रूपये के विकास कार्यों की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि नपा कार्यालय उन्नयन के लिए 21 लाख 15 हजार, भारतमाता चौक के सौंदर्यीकरण हेतु 19.60 लाख, रावण भाठा में 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा हेतु 19.55 लाख, अकलोर तिराहा सौंदर्यीकरण हेतु 19.61 लाख, वार्ड 20 एवं वार्ड 14 में बेडमिंटन कोर्ट हेतु 24 लाख रूपये के प्राप्त दरों का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही सुरडुंग हाई स्कूल में ट्री प्लांटेशन हेतु 26 लाख रूपये, वार्ड 19 में सीसी रोड के लिए अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से 7 लाख रूपये, मणिकंचन केन्द्र नया निर्माण हेतु 25 लाख, अटल परिसर हेतु 30 लाख रूपये, शासकीय महाविद्यालय में बोर खनन हेतु 1.50 लाख, वार्ड 18 में विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से राशि 4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किया गया है। इसके साथ ही कोसरिया मरार समाज हेतु 2 हजार वर्गफीट भूमि आबंटन, आंगनबाड़ी में सहायिका की नियुक्ति एवं नगर पालिका के कर्मचारियों के अर्जित अवकाश, संविलियन, परीवीक्षा अवधि, समयमान वेतनमान एवं वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति की स्वीकृति दी गई है। पीआईसी के बैठक में सामान्य प्रशासन प्रभारी अहिल्या वर्मा, लोक निर्माण प्रभारी खम्हन ठाकुर, जल कार्य प्रभारी रामदुलार साहू, राजस्व प्रभारी कविता विश्वाल, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रभारी शांति टंडन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति प्रभारी चुम्मन वर्मा सहित वरिष्ठ उप अभियंता केएन ताम्रकार, लेखा प्रभारी आशा जंघेल, रामू देवांगन, मोहन वर्मा, हर्षा मेहरा उपस्थित थे।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

